www.tamsasanket.com
वर्ष: 30|| अंक 12 ||अम्बेडकरनगर
शुक्रवार
03 अप्रैल 2026||पृष्ठ: 08||मूल्य: ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

**मौसम**
सूर्योदय: 05:56
सूर्यास्त: 06:24
अधिकतम: 35:00
न्यूनतम: 23:00



पेज 07

विशेष समाचार | हिरासत में मौतें: बढ़ते आंकड़े... >> पेज 04 | 5 करोड़ की रंगदारी मांगने ... >> पेज 06 | 'क्वीन 2' में कंगना रनोट...

## ईरान ने साफ कर दिया है कि वह किसी दबाव में आने वाला नहीं है

# 'ट्रम्प की बेतुकी बातों से होर्मुज नहीं खुलेगा'

**युद्ध**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी। होर्मुज स्ट्रेट को लेकर बढ़ते तनाव के बीच ब्रिटेन में जल्द एक बड़ी अंतरराष्ट्रीय बैठक होने जा रही है, जिसमें करीब 35 देश हिस्सा लेंगे। इस बैठक का मकसद होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने पर चर्चा करना है।

भारत की तरफ से विदेश सचिव विक्रम मिसरी इसमें शामिल होंगे। होर्मुज स्ट्रेट से दुनिया भर के 20% ऑयल का ट्रांसपोर्ट होता है। जंग की वजह से जहाज इस रूट से नहीं गुजर पा रहे हैं, जिससे कच्चे तेल के दाम 100 डॉलर से ज्यादा हो गए हैं।

वहीं, ईरान ने साफ कर दिया है कि वह किसी दबाव में आने वाला नहीं है। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड (IRGC) ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट उनके कंट्रोल में है और यह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बेतुके बयानों से नहीं खुलेगा। ईरान का कहना है कि यह रास्ता तभी खुलेगा जब उनकी शर्तें मानी जाएंगी। मिडिल ईस्ट में चल रही जंग की वजह से नेपाल में जेट फ्यूल के दाम करीब 85% तक बढ़ गए हैं। पोखरा और भैरहवा से उड़ान भरने वाले विमानों के लिए यह बढ़ोतरी 100% से भी ज्यादा है। घरेलू उड़ानों के लिए भी ईंधन करीब 98% महंगा कर दिया गया है। इसका सीधा असर आम लोगों पर पड़ा है।


>> (शेष पेज 06 पर)



### ईरान बोला- अमेरिका-इजराइल ने हमारी ताकत को कम आंका

ईरान की सेना ने कहा है कि वह इस जंग को तब तक जारी रखेगा जब तक अमेरिका और इजराइल को हमेशा के लिए पछतावा नहीं हो जाता। ईरान के सैन्य मुख्यालय के प्रवक्ता इब्राहिम जाल्फगारी ने कहा कि अमेरिका और इजराइल ने ईरान की ताकत को कम आंका है। उन्होंने चेतावनी दी कि आने वाले दिनों में और ज्यादा बड़े और खतरनाक हमले किए जाएंगे।

### ईरानी सुप्रीम लीडर के सलाहकार अमेरिकी हमले में घायल, पत्नी की मौत, दावा- पाकिस्तान उनके जरिए ही ईरान से सीजफायर वार्ता कर रहा था




### ट्रम्प के भाषण में कोई नई बात नहीं

ट्रम्प ने 19 मिनट का भाषण दिया। इसमें कोई नया ऐलान नहीं किया। वही बातें दुहराईं जो पिछले कुछ समय से कहते रहे हैं।

उन्होंने युद्ध की लागत और इसके लंबा खिंचने से चिंतित अमेरिकियों से कहा कि वे इस संघर्ष को सही नजरिए से देखें। उन्होंने इराक (8 साल) और वियतनाम (19 साल) जैसे पिछले अमेरिकी युद्धों का जिक्र करते हुए कहा कि ईरान जंग तो अभी दूसरे महीने में ही पहुंची है। उन्होंने यह भी माना कि लोगों को आर्थिक परेशानी हो रही है, लेकिन कहा कि यह युद्ध जरूरी है। उन्होंने कहा, "यह आपके बच्चों और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य में निवेश है।" ट्रम्प ने ईरान से युद्ध खत्म करने के लिए बातचीत की मांग की, जबकि एक दिन पहले ही उन्होंने कहा था कि उन्हें समझौते की जरूरत नहीं है।

>> (शेष पेज 06 पर)

## होर्मुज को लेकर ब्रिटेन में 35 देशों की बैठक, भारत भी शामिल होगा

ब्रिटेन इस हफ्ते 35 देशों की एक बड़ी बैठक आयोजित करने जा रहा है। इस बैठक का मकसद होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा खोलने के रास्ते तलाशना है। ब्रिटेन ने इस बैठक के लिए भारत को आमंत्रित किया है। इस बैठक में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी शामिल होंगे। इसमें दुनिया के और भी कई बड़े देशों के शामिल होने की संभावना है।

### ईरान बोला- हॉलीवुड ने अमेरिका के दिमाग में भ्रम पैदा कर दिया


ईरान की सेना के एयरस्पेस फोर्स के कमांडर माजिद मौसवी ने अमेरिका को सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि जो लोग ईरान को धमकी दे रहे हैं, वे असल में अपने ही सैनिकों को मौत की तरफ धकेल रहे हैं।

माजिद मौसवी ने अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के बयान पर जवाब देते हुए कहा कि ईरान को टस्टोन एज' (पाषाण युग) में भेजने की बात सिर्फ कल्पना है और ऐसा करना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि हॉलीवुड ने आपके दिमाग में भ्रम पैदा कर रहा है।

>> (शेष पेज 06 पर)

### ट्रम्प बोले- ईरान पर जीत हासिल की, उनकी सेना हमारे कंट्रोल में

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार सुबह राष्ट्र के नाम संबोधन दिया। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका को ईरान जंग में जीत मिली है। साथ ही चेतावनी दी कि अमेरिका 2-3 हफ्ते में ईरान पर बड़ा हमला करेगा। >> (शेष पेज 06 पर)



### ईरान के 2000 से ज्यादा लोगों की मौत

इस जंग में अब तक ईरान के 2,000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं इजराइल में 24 लोगों की जान गई है और क्षेत्र में 13 अमेरिकी सैनिक भी मारे गए हैं।

बुधवार को ईरान के मिसाइल हमले में बनेई बराक (तेल अवीव के पास) में 4 लोग घायल हो गए।

### ट्रम्प के संबोधन की 7 बड़ी बातें

- ईरान की मिसाइल-ड्रोन क्षमता और नेवी खत्म, सेना हमारे कंट्रोल में
- उनके सभी बड़े नेता मारे गए, वहां सत्ता परिवर्तन हो चुका है
- ईरान ने अपने 45 हजार लोगों की हत्या की
- ईरान को परमाणु ताकत नहीं बनने देंगे
- अगर समझौता नहीं हुआ तो उन्हें तबाह कर देंगे
- जिन्हें होर्मुज से तेल चाहिए वे उसकी रक्षा करें, हमें उसकी जरूरत नहीं
- सऊदी अरब और बहरीन को अकेला नहीं छोड़ेंगे

## बीजेपी ऑफिस अटैक में पाक मेड ग्रेनेड यूज हुआ

### सीएम मान बोले- भाजपा खुद जिम्मेदार

**खुलासा**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

चंडीगढ़ । चंडीगढ़ के सेक्टर-37 स्थित पंजाब बीजेपी के मुख्यालय के बाहर हुए ब्लास्ट में नया खुलासा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक इस हमले में GHD2P हैंड ग्रेनेड का इस्तेमाल किया गया था। यह ग्रेनेड पाकिस्तान में बनाया जाता है।

जानकारी के अनुसार, विस्फोट के बाद यह करीब 5 से 10 मीटर के दायरे में बेहद घातक साबित हो सकता है। वहीं इसके टुकड़े 20 से 25 मीटर तक फैल सकते हैं, जिससे आसपास मौजूद लोगों के गंभीर रूप से घायल होने का खतरा रहता है।



- 30 फुट दूरी से फेंका गया ग्रेनेड
- हाईकोर्ट को उड़ाने की धमकी मिली

इससे पहले 2 नए वीडियो सामने आए। हमले से कुछ मिनट पहले वीडियो में BJP ऑफिस के पास स्थित एक अन्य दफ्तर के बाहर 2 संदिग्ध खड़े दिखाई दे रहे हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

## 15 दिन बंगाल में रहूंगा ममता को घर में हराना है : अमित शाह

### टीएमसी को खाड़ी में फेंक दो, शाह को काले झंडे दिखाए

**रैली**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज पश्चिम बंगाल के भवानीपुर में रोड शो किया। उन्होंने कहा- मैं अगले 15 दिन बंगाल में रहने वाला हूं। TMC को जड़ से उखाड़ फेंकने और उसे बंगाल की खाड़ी में फेंकने के लिए हर किसी को बिना किसी डर के वोट देना चाहिए। कोई भी गुंडा बंगाल के मतदाताओं को नहीं रोक सकता।

शाह का काफिला जब कालीघाट पहुंचा, जहां से ममता का घर कुछ ही दूर है वहां पर TMC कार्यकर्ता ने काफिले के सामने जय बांग्ला और ममता बनर्जी जिंदाबाद के नारे लगाए।



- शाह के 15 दिन राज्य में रहने के ऐलान को टीएमसी ने राजनीतिक पर्यटन बताया

सिर पर काला कपड़ा बांधे लोगों ने अमित शाह गो बैक के नारे लगाए और काले झंडे भी दिखाए। इसके बाद टीएमसी और बीजेपी कार्यकर्ताओं में झड़प होने लगी। हालात काबू करने के लिए पुलिस ने बैरिकेडिंग की और भीड़ पर कंट्रोल किया।

>> (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### नीतीश से मिले तेजस्वी के बागी विधायक

पटना । बिहार की सियासत में जल्द ही बड़ा उलटफेर होने वाला है। सूत्रों के अनुसार, सीएम नीतीश 10 अप्रैल को राज्यसभा की सदस्यता ग्रहण करेंगे। इसके बाद 14 अप्रैल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे सकते हैं। इसके साथ ही 18 तारीख तक बिहार में नई सरकार का गठन होगा।

**मौसम बदलाव**

### एमपी-यूपी समेत 5 राज्यों में बारिश का अलर्ट

भोपाल/लखनऊ/शिमला/जयपु। देश के पांच राज्यों में अगले तीन दिन मौसम में बदलाव रहेगा। मध्य प्रदेश के 30 और उत्तर प्रदेश के 40 जिलों में आज बारिश का अलर्ट है। बुधवार को उत्तर प्रदेश के लखनऊ और अमेठी समेत 20 शहरों में बारिश हुई।

दिल्ली में गुरुवार सुबह बादल छाए रहे। वहीं मध्य प्रदेश के सीहोर में पंचायत वेब सीरीज की शूटिंग हो रही है। गुरुवार को अचानक हुई बारिश और तेज हवा से टेंट समेत दूसरा सामान उड़ गया। भोजन भी खराब हो गया। इसके बाद शूटिंग रोकनी पड़ी। इधर, राजस्थान में 2 अप्रैल से फिर एक नया वेदर सिस्टम एक्टिव होगा।

### दिल्ली हाईकोर्ट में एएनआई-ओपन एआई केस का फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली । दिल्ली हाईकोर्ट ने ANI और OpenAI से जुड़े मामले में सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया है। ANI ने OpenAI पर चैटजीपीटी (ChatGPT) को ट्रेन करने के लिए उसकी खबरों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया है। ANI का आरोप है कि OpenAI ने वेब टूल्स के माध्यम से उसका कंटेंट इकट्ठा किया ।

## जंग के चलते तेजस के इंजन की सप्लाई रुकी

### अब साल के अंत तक ही इंजन मिलने की उम्मीद

**रुकावट**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

नई दिल्ली । मिडिल-ईस्ट में चल रहे युद्ध के कारण भारत के बहुप्रतीक्षित लड़ाकू विमान तेजस के इंजन की सप्लाई रुक गई है। इन विमानों के इंजन सप्लाई करने वाली अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को कह दिया है कि अभी सप्लाई नहीं दे पाएंगे।

भरोसेमंद सूत्रों ने बताया कि अब साल के अंत तक ही इंजन मिलने की उम्मीद है। 113 इंजनों की आपूर्ति का करार हुआ था। HAL ने मार्च 2026 तक 24 तेजस विमान वायुसेना को देने का वादा किया था। लेकिन, एचएएल में खड़े 9 तेजस एमके 1ए विमान इंजन के अभाव में वायुसेना को नहीं मिल पा रहे हैं।



- भारतीय वायुसेना ने एचएएल को तेजस के 83 विमान ऑर्डर किए हैं जो कि 2028 तक डिलीवर किए जाने हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

### आप बोली- ये सामान्य प्रक्रिया, कोई विवाद नहीं, गिग वर्कर्स-रीचार्ज जैसे मुद्दे उठा चुके

# राज्यसभा में डिप्टी लीडर पद से राघव चड्ढा की छुट्टी

**फैसला**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने अपने राघव चड्ढा को राज्यसभा में उपनेता के पद से हटा दिया है। राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा के लिए यह बड़ा झटका है। आप ने सांसद अशोक मित्तल को उच्च सदन राज्य सभा में पार्टी का डिप्टी लीडर चुना है। बता दें कि आम आदमी पार्टी ने राज्य सभा सचिवालय को एक पत्र भेजकर यह जानकारी दी। पिछले कुछ दिनों से राघव चड्ढा आप और उसके बड़े नेताओं से जुड़े बड़े मुद्दों पर चुप्पी साधे हुए थे। और अब पार्टी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उप नेता के पद से हटा दिया है।



- राघव चड्ढा 2022 से पंजाब से राज्यसभा सांसद हैं।

जानकारी के मुताबिक, आप ने राज्य सभा सचिवालय से कहा है कि सांसद राघव चड्ढा को सदन में बोलने के लिए समय आवंटित ना किया जाए। पिछले हफ्ते आम आदमी पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनावों के लिए अपने स्टार प्रचारकों की सूची से राघव चड्ढा को हटा दिया था। जनसत्ता के सहयोगी इंडियन एक्सप्रेस को आम आदमी पार्टी के सूत्रों ने बताया कि इस फैसले के पीछे 'कोई खास वजह' नहीं थी और राघव चड्ढा किसी भी 'पार्टी-विरोधी गतिविधि' के दोषी नहीं पाए गए हैं।

>> (शेष 06 पर)

**सदन में बोलने पर भी रोक**



- लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के फाउंडर और चांसलर अशोक मित्तल पंजाब से AAP के राज्यसभा सांसद हैं।

### परिणीति का पोस्ट हुआ वायरल

'चमकीला' एक्ट्रेस ने 2 अप्रैल को इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट को रीशेयर किया है जो नारीत्व के बारे में बात करती है। इस पोस्ट में केट विंसलेट का क्वोट है, औरत होना कोई फूलों वाली ड्रेस और एक छोटा सा फिगर और मेकअप से भरा चेहरा नहीं है। नारीत्व तो है- दृढ़ता, साहस, शक्ति और आपसी जुड़ाव, अपने लिए खुद खड़े होना- केट विंसलेट। परिणीति का ये पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

अशोक मित्तल भी पंजाब से AAP के राज्यसभा सांसद हैं। वे जालंधर के रहने वाले हैं। पंजाब की लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के फाउंडर और चांसलर हैं। 2022 में राज्यसभा सांसद बने थे। राजनीति में आने से पहले वह कामयाब बिजनेस-मैन रहे हैं। उनका परिवार 'लवली ग्रुप' का मालिक है, जो ऑटोमोबाइल और मिठाई (लवली स्वीट्स) के व्यवसाय से जुड़ा है।

**निर्णय : लोकसभा की सीटें 543 से 816 की जा सकती हैं, बजट सत्र का 3 दिन का सेशन**

# महिला आरक्षण पर संसद में 16 अप्रैल से होगी चर्चा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

नई दिल्ली । संसद में बजट सत्र के दूसरे सेशन की आज की कार्यवाही पूरी हुई। सरकार ने मौजूदा सत्र को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। राज्यसभा और लोकसभा अब 13 दिन के ब्रेक के बाद 16 अप्रैल को सुबह 11 बजे फिर से बैठेंगी। 3 दिन चलने वाले इस सेशन में महिला आरक्षण कानून में संशोधन से जुड़े अहम बिल पर चर्चा की जाएगी। दरअसल, सरकार लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए संशोधन विधेयक लाने की योजना बना रही है। वर्तमान में लोकसभा में 543 सीटें हैं। प्रस्तावित 50% की बढ़ोतरी के साथ सीटों की संख्या बढ़कर 816 हो जाएगी, जिसमें से 273 (करीब एक तिहाई) सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। >> (शेष पेज 06 पर)



- केंद्रीय संसदीय मंत्री किरेण रिजिजू ने राज्यसभा में संसद के सत्र की जानकारी दी।

### महिला आरक्षण कानून संविधान के 106वें संशोधन के रूप में पास हुआ

2023 में महिला आरक्षण कानून संविधान के 106वें संशोधन के रूप में पास हुआ था। इसके तहत महिला आरक्षण नई जनगणना के बाद लागू होना है। अब सरकार का प्रस्ताव है कि नई जनगणना का इंतजार करने की बजाय 2011 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ही परिसीमन किया जाए। इससे प्रोसेस तय समय पर पूरी हो सकेगी और आरक्षण लागू किया जा सकेगा।

### महिला आरक्षण के बाद यूपी में सबसे ज्यादा 40 सीटें बढ़ेंगी

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, महिला आरक्षण के बाद यूपी में सबसे ज्यादा 40 लोकसभा सीटें बढ़ेंगी। 80 से बढ़कर 120 हो जाएंगी। महाराष्ट्र में महिलाओं के लिए 24 सीटें आरक्षित हो जाएंगी। यहां लोकसभा की सीटें 48 से बढ़कर 72 हो जाएंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक बिहार में महिला सीटों की संख्या 20 हो सकती है। यहां कुल सीटें 40 से 60 तक पहुंच सकती है। एमपी में 15 महिला आरक्षित सीटें बढ़ सकती हैं। तमिलनाडु में 20 और दिल्ली में 4 यानी महिला सीटें होंगी। झारखंड में 7 महिला आरक्षित सीटें बढ़ने का अनुमान है।

# समाजवादी पार्टी का दावा : दादरी में जनसमर्थन से भाजपा के होश उड़े

### अखिलेश यादव ने रैली के बाद सरकार की झूठी दावों की पोल खोली

**कटाक्ष**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने कहा है कि दादरी में समाजवादी पार्टी को मिले जनसमर्थन ने भाजपा की नींद उड़ा दी है। रैली के बाद सरकार की भाषा बदल गई है और अब जेपीए-नआईसी, गोमती रिवरफ्रंट, और मेट्रो के कामों का श्रेय लेने लगी है। श्री यादव ने स्पष्ट किया कि जनता जानती है कि मेट्रो समाजवादी सरकार के समय ही चालू हुई थी।

>> (शेष पेज 06 पर)



### समाजवादी पार्टी संगठन ने 2024 में किया शानदार काम

यादव ने लखनऊ में पार्टी मुख्यालय में जिला संगठनों की बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि पार्टी ने 2024 में सामाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ाया और जनता का सहयोग लिया। उन्होंने कहा कि अब पार्टी का संकल्प है कि प्रदेश में समाजवादी सरकार बनाकर जनता के बुरे दिन खत्म किए जाएंगे।

श्री यादव ने चेताया कि जैसे ही अन्य प्रदेशों में विधानसभा चुनाव खत्म होंगे, भाजपा की पूरी फौज यूपी में चुनावी गतिविधियों में दखल देगी। उन्होंने कहा कि संगठन के लोग भाजपा की साजिश और षड्यंत्र को नाकाम करेंगे।

## हाईकोर्ट के आदेश पर एक्शन, लोग बोले- 60 साल पहले बनी थी

# तड़के 4 बजे मस्जिद को बुलडोजर से ढहाया गया

**कार्रवाई**

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ । लखनऊ में गुरुवार तड़के 4 बजे एक मस्जिद को बुलडोजर से ढहा दिया गया। एडीएम और एसडीएम प्रशासन की टीम और 3 बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंचे। एक घंटे के अंदर मस्जिद को जमींदोज कर दिया गया। इसके बाद मलबा हटाया गया। इस दौरान पीएसी की 2 टुकड़ियों समेत भारी पुलिस बल तैनात रहा।

हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के आदेश पर प्रशासन ने यह कार्रवाई की। मस्जिद बक्शी का तालाब (बीकेटी) के अस्ती गांव में बनी थी। स्थानीय लोगों का दावा है कि मस्जिद 60 साल पहले बनी थी। प्रशासन का कहना है कि मस्जिद सरकारी जमीन पर कब्जा करके बनाई गई थी।

इस मामले की शुरुआत 2024 में हुई थी। सबसे पहले तहसीलदार कोर्ट में प्रशासन ने याचिका लगाई थी। तहसीलदार कोर्ट ने 2025 में मस्जिद हटाने और 36 हजार रुपए जुर्माने का आदेश दिया था। तहसीलदार कोर्ट के आदेश के खिलाफ मस्जिद पक्ष एडीएम कोर्ट पहुंच गया। वहां से भी मामला खारिज हो गया। इसके बाद मुस्जिद पक्ष ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। 6 दिन पहले यानी 26 मार्च को हाईकोर्ट ने मस्जिद को हटाने का आदेश दिया था।

एडीएम प्रशासन राकेश सिंह ने बताया रात में एक्शन की जानकारी पर कब्जेदारों की ओर से विरोध की सूचना मिली।

### तहसील के आदेश को हाईकोर्ट ने सही माना

तहसीलदार शरद कुमार ने बताया-सरकारी खलिहान पर मस्जिद बनाई गई थी। अवैध संरचना को वहां से हटाने का आदेश दिया गया था। 36 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया था। तब ये लोग आदेश न मानकर हाईकोर्ट पहुंचे। वहां से भी इन्हें राहत नहीं मिली। हाईकोर्ट ने भी तहसील स्तर का आदेश बरकरार रखा।



रात में 3 बुलडोजर से एकसाथ एक्शन शुरू किया गया।

### प्रशासन ने कब्जे का आरोप लगाया था

जमीन पर दावा करने वाले पक्ष का दावा है कि मस्जिद का निर्माण करीब 60 साल पहले स्थानीय मुस्लिम समुदाय ने कराया था। उन्होंने दलील दी कि वे सिर्फ नमाज पढ़ने के लिए वहां जाते हैं। मस्जिद के प्रबंधन से उनका कोई संबंध नहीं है। उन्होंने सुनवाई की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें गवाहों से जिरह का अवसर नहीं दिया गया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यूपी राजस्व संहिता की धारा-67 के तहत इस प्रकार के मामलों में कार्यवाही संक्षिप्त प्रक्रिया के तहत होती है, जिसमें शपथ पत्रों के आधार पर निर्णय लिया जा सकता है। हर मामले में गवाहों की जिरह अनिवार्य नहीं है। धारा-67 के तहत ग्राम पंचायत या स्थानीय प्राधिकरण की जमीन पर अवैध कब्जे को रोकने का प्रावधान है। तहसीलदार या उपजिलाधिकारी (SDM) अवैध कब्जा करने वाले को नोटिस जारी कर, जुर्माना लगाकर और सरकारी भूमि से बेदखल कर अवैध कब्जे का हर्जाना भू-राजस्व की तरह वसूल सकते हैं।

# ज्वेलर के 3 मंजिला मकान में लगी आग

## मासूम समेत 5 लोग तेज लपटों में घिरे

तमसा संकेत, एजेंसी



सरोजनी नगर, लखनऊ। लखनऊ में ज्वेलर के 3 मंजिला मकान में आग लग गई। घर में परिवार के 6 लोग सो रहे थे। जैसे ही आग किचन से कमरों की ओर फैली, घर के लोग जाग गए। इस दौरान 22 साल लड़की दूसरी मंजिल से कूद गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने एक मासूम बच्ची सहित परिवार के 5 लोगों को सीढ़ियों से उतारा। इस दौरान मकान धू-धूकर जलता रहा।

दुर्घटना गुरुवार तड़के करीब 3:30 बजे सरोजनीनगर में दरोगा खेड़ा स्थित पार्थ रिपब्लिक अपार्टमेंट के पास हुई। यहां ज्वेलर अजय रस्तोगी (49) अपने परिवार के साथ मकान की दूसरी मंजिल पर सो रहे थे। परिवार में उनकी पत्नी अनीता वर्मा (47), बेटा विनायक (16), विवाहित बेटी शीतल वर्मा (30), छह वर्षीय पोती विरानिका और घर में काम करने वाली तन्नू (22) हैं। ज्वेलर अजय रस्तोगी ने बताया कि मकान की तीसरी मंजिल पर किचन है। वहीं, शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। हमें तो पता भी नहीं चला। पड़ोसियों ने शोर मचाया तब हम लोगों की नींद खुली। मैंने CCTV से देखा तो सच में तीसरी मंजिल में आग लगी हुई थी। बेटी तन्नू आग देखते ही दूसरी मंजिल से कूद गई। आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी।

**फास्ट न्यूज**

### स्कूल में घुसकर प्रिंसिपल को मारी गोली

मलिहाबाद। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के जुगराजगंज स्थित एक स्कूल में गुरुवार दोपहर प्रिंसिपल अनिल कुमार सिंह पर फायरिंग हुई। गांव के ही एक युवक ने उन पर गोली चलाई। गोली प्रिंसिपल के पेट को छूते हुए निकल गई।

ग्राम पंचायत तरौना के मजरे जुगराजगंज में प्रभावती देवी शिक्षण संस्थान स्कूल है। गांव के ही अनिल कुमार सिंह इसमें प्रिंसिपल हैं। गुरुवार दोपहर अनिल स्कूल में थे, तभी गांव निवासी विजयपाल अपनी कार से वहां पहुंचा।

### केशव प्रसाद मौर्य का प्रयागराज भ्रमण

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य 03 व 04 अप्रैल को जनपद प्रयागराज के अपने भ्रमण कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रमो मे बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होगें। श्री केशव प्रसाद मौर्य 3 अप्रैल को लखनऊ से प्रस्थान कर पूर्वाह्न 11.25 सर्किट हाउस प्रयागराज पहुंचेगे, उसके बाद पार्टी कार्यालय मे नव नियुक्त पदाधिकारियों (महानगर, गंगापार एवं यमुनानगर) के साथ भेंट वार्ता करेगे। अपराह्न 01.45 बजे 571 बाघमबरी गद्दी, अल्लापुर, प्रयागराज (निकट दिव्यभा डिग्री कॉलेज) श्री विनय कुमार मिश्रा (सिन्टू) जी, पार्षद के आवास जायेंगे।

### लखनऊ एयरपोर्ट से सिटी बस सेवा शुरू

लखनऊ । लखनऊ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एलआईएएल) ने बुधवार को चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीसीएसआईए) के टर्मिनल-3 से नई सिटी बस सेवाओं का शुभारंभ किया। यह पहल हवाई यात्रियों और एयरपोर्ट कर्मचारियों के लिए शहर के विभिन्न हिस्सों से बेहतर सार्वजनिक परिवहन संपर्क उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई है।

## विद्युत व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : ए.के. शर्मा

तमसा संकेत, संवाददाता



- ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा की सख्तीः लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई
- 11 केवी लाइन मानक से नीचे मिलने पर मंत्री ने दिए तत्काल कार्रवाई के निर्देश

लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा कल बलिया जाते समय विद्युत वितरण मंडल गाजीपुर के अंतर्गत विद्युत वितरण खंड जंगीपुर के क्षेत्र में महरौर से रसड़ा मार्ग पर निरीक्षण के दौरान 11 केवी विद्युत लाइन मानक से अधिक नीचे पाई गई। इस गंभीर लापरवाही को संज्ञान में लेते हुए उनके द्वारा तत्काल संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री के निर्देशों के अनुपालन में अवर अभियंता विद्युत उपकेंद्र महरौर श्री धर्मेंद्र पाल को विभागीय उत्तरदायित्व के निर्वहन में घोर लापरवाही बरतने के कारण प्रथम दृष्टया दोषी पाते हुए देर रात निलंबित कर दिया गया। इसके साथ ही अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड जंगीपुर, गाजीपुर श्री प्रवीण कुमार तिवारी को भी आरोप पत्र निर्गत किया गया है। मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने स्पष्ट रूप से कहा है कि विद्युत व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही, विशेषकर सुरक्षा मानकों से जुड़ी अनदेखी, किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विद्युत लाइनों का मानकों के अनुरूप रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, जिससे आम जनता की सुरक्षा के साथ-साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनी रहे।

# वेतन के लिए कर्मचारियों का प्रदर्शन

## 4.5 किलोमीटर पैदल चले, पुलिस ने रोका, बोले- शोषण हो रहा, आधी सैलरी मिल रही

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में वी विन लिमिटेड कंपनी के 200 से ज्यादा कर्मचारियों ने गुरुवार को प्रदर्शन किया। वे गोमतीनगर स्थित ऑफिस साइबर टावर से निकलकर लोहिया पथ पर नारेबाजी करते हुए बढ़ने लगे। इस दौरान कई कर्मचारी रो रहे थे। करीब 4.5 किलोमीटर पैदल चलने के बाद उन्हें पुलिस समतामूलक चौक के पास रोक लिया।

कर्मचारियों का कहना था कि 15 हजार रुपए की सैलरी का वादा करके 7000-8000 रुपए दिए जा रहे हैं। दो महीने की सैलरी भी रोककर दी जा रही है। कंपनी के ऑफिस में काम के लिए जाते वक्त बाहर ही सबके फोन जब्त कर लिए जाते हैं। घर में कोई भी इमरजेंसी आ जाए, हम लोग जब काम करके लौटेंगे तभी जान पाएंगे।

वी विन लिमिटेड कंपनी आउटसोर्सिंग के जरिये सीएम हेल्पलाइन 1076 का संचालन करती है। सीएम हेल्पलाइन में यूपी के सभी 75 जिलों से लोग तहसील, जिला, पुलिस, बिजली, पानी, सरकारी अस्पताल, स्कूल, फसल बीमा, पेंशन, राशन कार्ड, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास और सीएम आवास संबंधी शिकायतें दर्ज कराते हैं। समतामूलक के पास पुलिस, सीएम हेल्पलाइन कर्मचारियों और कंपनी के अधिकारियों के बीच बातचीत चल रही है।



### 5 कर्मचारियों को मुख्यमंत्री से मिलाने ले जाया जा रहा है

करीब 1 घंटे की बातचीत के बाद पुलिस और कंपनी के अधिकारियों ने सीएम हेल्पलाइन के कर्मचारियों को मना लिया। 5 कर्मचारियों को मुख्यमंत्री से मिलाने ले जाया जा रहा है। वहीं, अन्य सभी कर्मचारियों को उनके कार्यस्थल सीएम हेल्पलाइन के कार्यालय गोमतीनगर के साइबर टॉवर भेज दिया गया है।



### महिला कर्मचारियों को पकड़ने की कोशिश कर रही पुलिस

सीएम हेल्पलाइन की कुछ महिला कर्मचारियों को पुलिस पकड़ने की कोशिश कर रही है। वे खुद को पुलिस छुड़ा ले रही हैं।

- समतामूलक के पास सीएम हेल्पलाइन के कर्मचारियों, कंपनी मैनेजमेंट के बीच बातचीत चल रही है। इस दौरान पुलिस भी मौजूद है।

### 'दूसरी कंपनी को दिया जाए काम या फिर सैलरी बढ़ाएं'

सीएम हेल्पलाइन के कर्मचारी अंकित गुप्ता ने कहा- हमें 15 हजार रुपए सैलरी बताकर भर्ती किया गया था। हर छह महीने पर 1 हजार रुपए सैलरी बढ़ाने का भी वादा था। यहां जब ड्यूटी करने लगे तो सैलरी आधी दी जा रही है। हमारी मांग है कि दूसरी कंपनी को सीएम हेल्पलाइन का काम दिया जाय या फिर हमारी सैलरी बढ़ाई जाय।

## बैठक में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय व राज्यमंत्री रजनी तिवारी भी रहे उपस्थित

# महाविद्यालयों को नैक मूल्यांकन में सक्रिय रूप से भाग लेने हेतु किया प्रेरित

तमसा संकेत, संवाददाता

> राज्यपाल की अध्यक्षता में लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध शासकीय एवं वित्त पोषित महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का जन भवन में हुआ आयोजन

लखनऊ । प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में गुरुवार को जन भवन स्थित गांधी सभागार में लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध शासकीय एवं वित्त पोषित महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध 17 शासकीय तथा 33 वित्त पोषित महाविद्यालयों के प्राचार्यगण उपस्थित रहे। सभी महाविद्यालयों के प्रतिनिधियों द्वारा कुलाधिपति जी के समक्ष अपने-अपने संस्थानों की विस्तृत प्रस्तुति दी गई। प्रस्तुतीकरण के दौरान महाविद्यालयों की प्रगति रिपोर्ट, फैकल्टी की स्थिति, विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली, शोध एवं प्रकाशन, विभिन्न क्षेत्रों में किए गए समझौता ज्ञापन (एम0ओ0यू0), खेल गतिविधियां, सामाजिक सहभागिता, पौधारोपण अभियान, नैक एवं एन0आई0आर0एफ0 रैंकिंग, छात्र-छात्राओं के नामांकन का प्रतिशत, शोध गतिविधियां, प्लेसमेंट, रोजगार मेलों का आयोजन, पेटेंट, शोध पत्रों की संख्या, आयोजित सेमिनार, पुस्तकालय सुविधाएं, विद्यार्थियों की कुल संख्या, निर्माण कार्यों की प्रगति, प्रयोगशालाओं एवं कंप्यूटर कक्षों की स्थिति, छात्रवृत्ति वितरण तथा शैक्षणिक भ्रमण (टूर प्रोग्राम) आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई।





- कुलाधिपति के समक्ष महाविद्यालयों द्वारा प्रगति रिपोर्ट का किया गया प्रस्तुतिकरण
- विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत युवा विद्यार्थियों की है महत्वपूर्ण भूमिका
- कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सी0एस0आर0) फंड का करें प्रभावी उपयोग
-राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल

### विद्यार्थियों की कम संख्या पर नाराजगी जताई

राज्यपाल ने उपस्थित शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे परिश्रमपूर्वक कार्य करें, विद्यार्थियों को निरंतर प्रेरित करें तथा अपनी सक्रियता बनाए रखें। उन्होंने महाविद्यालयों में सृजित पदों के सापेक्ष रिक्त पदों की स्थिति पर समयबद्ध नामांकन एवं नियुक्तियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यार्थियों की कम संख्या पर भी उन्होंने नाराजगी जताई और इसके कारणों का समाधान करने पर बल दिया।

उन्होंने महाविद्यालयों के स्टाफ की उपलब्धता, लैब एवं कंप्यूटर कक्ष की स्थिति की जानकारी लेते हुए इन्हें सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। राज्यपाल महोदया ने शोध एवं अनुसंधान की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने हेतु शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से तंबाकू, नशा एवं ड्रग्स के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए गांव-गांव अभियान चलाने का आह्वान किया।

## 'चैंपियनशिप 2026' क्रिकेट टूर्नामेंट सफलतापूर्वक संपन्न

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ । Mahesh Namkeen Pvt. Ltd. द्वारा आयोजित "चैंपियनशिप 2026" क्रिकेट टूर्नामेंट आज दिनांक 2 अप्रैल 2026 को पार्थ रिपब्लिक क्रिकेट ग्राउंड, कानपुर रोड में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस रोमांचक क्रिकेट प्रतियोगिता में कंपनी की चार टीमों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में शामिल टीमों में महेश प्लांट टीम, महेश सेल्स टीम, महेश रेस्टोरेंट टीम तथा महेश चैनल पार्टनर टीम शामिल रहीं। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना, ऊर्जा और टीमवर्क का शानदार प्रदर्शन किया।


नॉकआउट मुकाबलों के बाद हुए फाइनल मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कप्तान अमरेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में महेश सेल्स टीम ने जीत हासिल की और चैंपियनशिप 2026 का खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों और आयोजन टीम को उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए सराहा गया। कंपनी प्रबंधन ने भी सभी टीमों की खेल भावना और उत्साह की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को जारी रखने की बात कही।

## आयोजन : अधिकारियों/कर्मचारियों ने प्राप्त किया प्रशिक्षण, तकनीकी रूप से दक्ष हो कार्मिक-अपर निदेशक

# सूचना विभाग में मिशन कर्मयोगी साधना सप्ताह का हुआ शुभारम्भ

तमसा संकेत, संवाददाता





लखनऊ । भारत सरकार द्वारा विकसित के आईगोट (IGOT) पोर्टल पर उपलब्ध पाठयक्रमों माध्यम से विभागीय कार्मिकों की कार्यात्मक क्षमता, कार्यक्षेत्र एवं व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाते हुए उन्हें दक्ष बनाया जाये, इस हेतु शासन के निर्देशनुसार 02 अप्रैल से 08 अप्रैल 2026 तक प्रदेश में मिशन कर्मयोगी साधना सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में सूचना विभाग के अन्तर्गत विभागीय आडिटोरियम में मिशन कर्मयोगी साधना सप्ताह कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर आईगोट (IGOT) पोर्टल पर उपलब्ध पाठयक्रमों के प्रशिक्षण से संबंधित विशेषज्ञों द्वारा उपलब्ध करायी गयी तकनीकी जानकारी प्राप्त किया। इस अवसर पर अपर निदेशक सूचना श्री अरविन्द कुमार मिश्र ने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि उनका प्रत्येक कार्मिक तकनीकी रूप दक्ष होना चाहिए, ताकि वह आगमी परिवेश की चुनौतियांे का सामना दृढ़ता एवं कर्मठता के साथ कर सके। उन्होने कहा कि आने वाला समय तकनीकी का होगा और तकनीक के आधार पर ही दायित्वों का निर्वहन सफलता पूर्वक किया जा सकेगा। इसलिए आवश्यक हो जाता है कि हम तकनीक में पारंगत होकर आत्मनिर्भर बने और अपने दायित्वों का निर्वहन सफलतापूर्वक कर सके। इसी के तहत सरकार द्वारा अपने कार्मिकों की कार्यात्मक क्षमता, कार्यक्षेत्र एवं व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाते हुए उन्हे दक्ष बनाये जाने हेतु आईगोट (IGOT) कर्मयोगी पर उपलब्ध पाठयक्रमों की व्यवस्था दी गई है, ताकि कार्मिक इन पाठयक्रमों का प्रशिक्षण प्राप्त कर तकनीकी तौर पर दक्ष होने के साथ-साथ कार्यक्षमता विकास का भी लाभ प्राप्त कर सके।

> अपर निदेशक श्री मिश्र ने विभाग के कार्मिकों से कहा कि यह स्वर्णिम अवसर है कि सरकार द्वारा आईगोट पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराये गये पाठ्यक्रमों को तन्मयता एवं ईमानदारी के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने आप को कर्मयोगी साबित करें।

> इस संबंध में समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आईगोट (IGOT) कर्मयोगी प्लेटफार्म पर उपलब्ध पाठयक्रमों में से कम से कम 04 घंटे का प्रशिक्षण जिसमें Ai दक्ष कार्यक्रम के किन्ही 03 कार्यक्रम (IGOT) मार्केट प्लेस से कोई एक पाठयक्रम का प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से प्राप्त किया जाना है।

# 4 दुकानों में भीषण आग धू-धूकर जले रजाई-गद्दे

## फायर ब्रिगेड के देर से पहुंचने पर दुकानदारों ने सड़क जाम किया

**घटना**

तमसा संकेत, एजेंसी



बख्शी का तालाब । लखनऊ के बीकेटी थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात सीतापुर हाईवे किनारे स्थित चार दुकानों में भीषण आग लग गई। स्टेट बैंक के सामने हुई इस घटना में दुकानों में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। स्थानीय लोगों ने आग की लपटें उठती देख तत्काल पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। हालांकि, आरोप है कि दमकल की गाड़ियां करीब डेढ़ घंटे देरी से मौके पर पहुंचीं। इस दौरान आग ने रजाई-गद्दा, चाय की दुकान, जनरल स्टोर और गैस चूल्हा की दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। रजाई-गद्दा दुकान के मालिक शिव सेवक मिश्रा ने बताया कि उन्हें रात करीब 11 बजे आग लगने की सूचना मिली। उनके पहुंचने तक लाखों रुपए का सामान जल चुका था।

दमकल विभाग की देरी से नाराज स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस और दमकल विभाग के खिलाफ नारेबाजी भी हुई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाने का प्रयास किया और बाद में बल प्रयोग कर सड़क खाली कराई, जिससे यातायात बहाल हो सका। लोगों का कहना था कि दमकल की गाड़ियां पहुंचने तक अधिकांश सामान जल चुका था।

पहुंची फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस और फायर विभाग मामले की जांच कर रहे हैं।

## प्रमाण पत्र दिखाते ही बिना प्रतीक्षा होगी खरीद, डीएम के निर्देश जारी

# भूसा दान करने वाले किसानों को गेहूं खरीद में प्राथमिकता

निर्देश

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर । गेहूं खरीद को लेकर प्रशासन ने नई व्यवस्था लागू की है। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने निर्देश दिया है कि जिन किसानों ने गोशालाओं में भूसा दान किया है, उनके गेहूं की खरीद प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी। ऐसे किसानों को क्रय केंद्रों पर प्रतीक्षा नहीं करनी होगी।

जिले के सभी गेहूं क्रय केंद्र प्रभारियों को इस संबंध में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। यदि किसान पंचायत सचिव द्वारा जारी भूसा दान का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करता है, तो उसके गेहूं की खरीद तुरंत की जाएगी। इस व्यवस्था का उद्देश्य गोशालाओं को भूसा उपलब्ध कराना और किसानों को सुविधा देना है। प्रशासन का मानना है कि इस पहल से एक ओर गोशालाओं में पशुओं के लिए चारे की उपलब्धता बढ़ेगी, वहीं दूसरी ओर किसानों को गेहूं बेचने में सुविधा मिलेगी। क्रय केंद्रों पर भीड़ कम करने और प्रक्रिया को तेज करने में यह व्यवस्था सहायक मानी जा रही है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद क्रय केंद्रों पर किसानों की आवाजाही बढ़ने की संभावना है। अधिकारी स्तर पर निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे और पात्र किसानों को ही प्राथमिकता का लाभ मिले।



जनपद में गेहूं खरीद वर्ष 2026-27 के लिए कुल 6 एजेंसियों के माध्यम से 73 क्रय केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। इन केंद्रों पर गेहूं खरीद का कार्य 30 मार्च 2026 से शुरू हो चुका है।

### पंचायत सचिव जारी करेंगे प्रमाण पत्र

भूसा दान करने वाले किसानों को प्रमाण पत्र पंचायत सचिव स्तर से जारी किया जाएगा। यह प्रमाण पत्र क्रय केंद्र पर प्राथमिकता का आधार बनेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना प्रमाण पत्र के इस सुविधा का लाभ नहीं मिलेगा। जिलाधिकारी ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे अपने गांव के पास संचालित गोशालाओं में भूसा दान करें। इसके बाद पंचायत सचिव से प्रमाण पत्र लेकर गेहूं बिक्री के लिए क्रय केंद्रों पर पहुंचें। इससे उन्हें लंबी प्रतीक्षा सूची से बचाया जा सकेगा।

# अकबरपुर थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं का ग्राफ बढ़ा

## पुलिस खुलासा नहीं कर पाई, ग्रामीण रात में खुद रखते हैं पहरा

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। अकबरपुर थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी ने कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बीते कुछ दिनों में लाखों रुपये की संपत्ति चोरी होने के बावजूद पुलिस किसी भी मामले का खुलासा नहीं कर सकी है। इससे इलाके के लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

24 मार्च की रात शेखपुर, कटारिया और याकूबपुर गांवों में चोरों ने सुनियोजित तरीके से कई घरों को निशाना बनाया। अरविंद वर्मा, सुदीप वर्मा, संजय वर्मा और अशोक वर्मा के घरों में घुसकर अलमारी और बक्सों के ताले तोड़ दिए गए। इस दौरान लगभग 5 लाख रुपये के जेवरात चोरी कर लिए गए। इसके बाद 28 मार्च को टेकनपुर और माधवपुर में भी चोरी की घटनाएं हुईं। यशवंत वर्मा के घर से 4.40 लाख रुपये नकद और करीब 5 लाख रुपये के जेवर चोरी हो गए। वहीं राकेश कुमार के घर से भी कीमती सामान चोरी हो गया। इन चार घरों से कुल मिलाकर 10 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति चोरी हो चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस घटनास्थल पर देर से पहुंचती है और जांच में गंभीरता नहीं दिखाती। गश्त केवल औपचारिकता के तौर पर की जा रही है। इससे चोरों के हौसले और बढ़ गए हैं। रात होते ही पूरे इलाके में भय का माहौल बन जाता है और लोग खुद अपने घरों की सुरक्षा करने को मजबूर हैं। स्थानीय लोग लगातार पुलिस से कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### फास्ट न्यूज

#### प्रयागराज के हार्डवेयर गोदाम में लगी आग

प्रयागराज । प्रयागराज के कोरांव बाजार के एक हार्डवेयर गोदाम में गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे बिजली के शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। इस घटना में लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने से बाजार में अफरा-तफरी मच गई और धुएं का गुबार दूर से ही दिखाई दे रहा था। गोदाम बस्ती वाले इलाके में होने के कारण आसपास के लोगों में आग फैलने की आशंका बढ़ गई थी।

#### वाराणसी पुलिस ने मुठभेड़ में पशु तस्कर को मारी गोली

वाराणसी । वाराणसी के रामनगर थाना क्षेत्र में गुरूवार दोपहर पुलिस और गोवंश तस्करों में मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान एक गोतस्करों को गोली लगी, वहीं दूसरा पुलिस देखकर भाग निकला। बंदरगाह के पास झाड़ियों में संदिग्ध दिखने पर पुलिस ने घेराबंदी की।

दोपहर बाद गोलियों की तड़तड़ाहट से सनसनी फैल गई। आरोप है कि मोबिन ने पुलिस टीम पर फायर किया। जवाबी कार्रवाई में उसके दाहिने पैर में गोली लगी और उसे मौके से पकड़ लिया गया। घायल को उपचार के लिए ट्रॉमा सेंटर बीएचयू भेजा गया है।

#### 55 साल के न्यूरो सर्जन ने छात्रा से बैडटच किया

प्रयागराज । प्रयागराज के जाने-माने न्यूरो सर्जन डॉ. कार्तिकेय शर्मा पर गुरुवार को बैडटच की FIR दर्ज की गई है। BA की छात्रा ने उन पर छेड़खानी का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि डॉक्टर ने जबरन उसके कपड़े उतरवाए। फिर गंदी नीयत से छुआ। सिविल लाइंस पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

## यूपीपीएससी चयन पर कपिल देव वर्मा ने दी बधाई

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । जिले के अकबरपुर तहसील स्थित ग्राम सिकन्दरपुर बाजार निवासी सृष्टि चौधरी के उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (UPPSC) परीक्षा में चयन पर पूर्व जिला अध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने बधाई दी है। उन्होंने इस उपलब्धि को क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताया।

कपिल देव वर्मा ने कहा कि सृष्टि चौधरी की सफलता मेहनत और लगन का परिणाम है। उन्होंने परिवार को भी इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं। उनके अनुसार, इस तरह की सफलता से क्षेत्र के अन्य युवाओं को भी प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरूकता और प्रेरणा मिलेगी।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर इस स्तर की परीक्षा में चयन होना बड़ी बात है। यह दिखाता है कि सही दिशा में प्रयास किया जाए तो संसाधनों की कमी भी बाधा नहीं बनती। सृष्टि चौधरी के चयन की खबर सामने आने के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताई है और इसे जिले के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। कपिल देव वर्मा ने सृष्टि चौधरी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आने वाले समय में वह प्रशासनिक सेवा में बेहतर कार्य करेंगी और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगी।



सिकन्दरपुर बाजार की सृष्टि चौधरी की सफलता पर जताई खुशी

## एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में तरणताल शुरू, खिलाड़ियों को मिली नई सुविधा

### एमएलसी हरिओम पांडे ने किया शुभारंभ, खिलाड़ियों को बांटी गई स्पोर्ट्स किट

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । राजकीय एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम स्थित तरणताल का बुधवार को शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एमएलसी हरिओम पांडे ने पूजन-अर्चन के साथ किया। शुभारंभ के बाद तरणताल को मौजूदा सत्र के लिए औपचारिक रूप से संचालित कर दिया गया।

तरणताल शुरू होने से जिले के खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी। लंबे समय से इसकी शुरुआत का इंतजार किया जा रहा था। अब तैराकी से जुड़े खिलाड़ियों को स्थानीय स्तर पर ही प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा।

शुभारंभ के बाद खेलो इंडिया योजना के तहत पंजीकृत खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट वितरित की गई।



साईं सेंटर एथलेटिक्स से जुड़े 30 खिलाड़ियों को सामग्री दी गई। इसमें 18 बालक और 12 बालिकाएं शामिल रहीं।

खिलाड़ियों को ट्रैक सूट, स्पाइक्स और अन्य आवश्यक खेल सामग्री उपलब्ध कराई गई। अधिकारियों ने बताया कि इससे खिलाड़ियों को अभ्यास में सुविधा मिलेगी और प्रदर्शन में सुधार होगा।

कार्यक्रम में हरिओम पांडे ने कहा कि खेल सुविधाओं का विस्तार जरूरी है। इससे युवाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि स्टेडियम में तरणताल शुरू होने से जिले के खिलाड़ियों को नई दिशा मिलेगी।

उन्होंने उम्मीद जताई कि यहां प्रशिक्षण लेकर खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। इससे जिले का नाम आगे बढ़ेगा। जिला क्रीड़ाधिकारी शीला भट्टाचार्य ने खिलाड़ियों से उपलब्ध सुविधाओं का पूरा लाभ उठाने को कहा। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया योजना के तहत संसाधन दिए जा रहे हैं।

## गेहूं के खेत में आग, तीन बीघा फसल जलकर राख

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकर नगर। अकबरपुर थाना क्षेत्र के रतनपुर बाईपास के पास गुरुवार को एक गेहूं के खेत में आग लग गई। आग बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण लगी, जिससे करीब तीन बीघा गेहूं की फसल पूरी तरह जलकर राख हो गई।

जानकारी के अनुसार, रमाकांत दुबे के खेत से होकर 11 हजार वोल्ट का बिजली का तार गुजरता है। इसी तार में शॉर्ट सर्किट होने से आग लगी। खेत में आग लगते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी।

सूचना मिलने के बाद दमकल की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों के सहयोग से दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग को नियंत्रित किया। हालांकि, आग बुझने तक जोगपुर, गौहन्ना और रतनपुर के लगभग आधा दर्जन किसानों की फसल जल चुकी थी। प्रभावित किसानों में रामजीत, हैदर, पवन, उमाकांत और मायाराम शामिल हैं। आग लगने की सूचना मिलने पर राजस्व विभाग की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। लेखपाल अमन सोनकर ने मुआयना कर नुकसान का आकलन शुरू कर दिया।आग में किसानों की करीब तीन बीघा गेहूं की फसल जल गई है।



बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी आग, दमकल और ग्रामीणों ने काबू पाया

### खेत और घर दोनों में सावधानी जरूरी, स्क्रब टाइफस से बचाव पर जोर

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान के बीच चूहों के बढ़ते प्रकोप पर अलर्ट

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर । 1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान संक्रमण से फैलने वाले रोगों को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी बीच धान की कटाई शुरू होने से खेतों में चूहों का प्रकोप बढ़ने की आशंका जताई गई है।

कृषि विभाग के अनुसार चूहे और छछूंदर न केवल फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि इनके जरिए स्क्रब टाइफस जैसे संक्रमण भी फैल सकते हैं। यह बीमारी किलनी के माध्यम से फैलती है, जो इन जानवरों के शरीर पर पाई जाती है। ऐसे में किसानों और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। खेतों में चूहों के नियंत्रण के लिए छह दिन की प्रक्रिया अपनाने को कहा गया है। पहले दिन बिलों की पहचान कर उन्हें बंद किया जाता है। दूसरे और तीसरे दिन बिना जहर वाला चारा रखकर उनकी गतिविधि पर नजर रखी जाती है। चौथे दिन जिंक फास्फाइड और सरसों के तेल के साथ मिश्रित चारा बिलों में रखा जाता है। इसके अलावा अन्य दवाओं का भी उपयोग किया जा सकता है। पांचवें दिन मृत चूहों को जमीन में दबाने और छठे दिन फिर से बिल बंद करने की प्रक्रिया अपनाई जाती है। अधिकारियों के मुताबिक चूहे दो प्रकार के होते हैं। एक घरों में पाए जाते हैं और दूसरे खेतों में। दोनों ही स्थिति में अलग-अलग सावधानी बरतना जरूरी है। घरों में अनाज को पक्के, कंक्रीट या धातु के बर्तनों में सुरक्षित रखने की सलाह दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि यदि बिल दोबारा खुलते हैं तो प्रक्रिया को फिर से दोहराना चाहिए। इससे चूहों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।



### न्याय पंचायत स्तर पर चल रहा विशेष अभियान

कृषि विभाग की ओर से चूहा और छछूंदर नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। न्याय पंचायत स्तर पर छह दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें प्रशिक्षण, प्रदर्शन और जागरूकता बैठकों के जरिए किसानों को नियंत्रण के तरीके बताए जा रहे हैं।

कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे समय पर उपाय अपनाएं। इससे फसलों को नुकसान कम होगा और संक्रमण का खतरा भी घटेगा। अधिक जानकारी के लिए विकास खंड स्तर पर कृषि रक्षा इकाइयों से संपर्क करने को कहा गया है।

# एसपी कार्यालय में जनसुनवाई समस्याओं के निस्तारण के निर्देश

### अभिजीत आर. शंकर ने सुनीं शिकायतें, अधिकारियों को तय समय में कार्रवाई के आदेश

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने गुरुवार को कार्यालय में जनसुनवाई की। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। अधिकारियों ने एक-एक कर सभी फरियादियों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान जमीन विवाद, पारिवारिक मामलों, मारपीट और अन्य शिकायतें सामने आईं। पुलिस अधीक्षक ने हर मामले को गंभीरता से लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निस्तारण तय समय सीमा में किया जाए।

उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य लोगों की समस्याओं को सीधे सुनना और उनका समाधान सुनिश्चित करना है। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि मामलों की जांच निष्पक्ष तरीके से की जाए।

कार्यालय में मौजूद पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। जिन मामलों में तुरंत कार्रवाई संभव है, उन्हें प्राथमिकता पर निपटाया जाए। लंबित मामलों की समीक्षा भी करने को कहा गया। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।



## शिक्षकों ने किया दिवंगत रसोइया के पुत्र को आर्थिक सहयोग



तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकर नगर। आलापुर के कंपोजिट विद्यालय फरीदपुर तप्पा हवेली में कार्यरत दिवंगत रसोइया कौशल्या देवी के पुत्र मूलचंद को शिक्षकों ने 34,300 रुपये की अहेतुक सहायता राशि प्रदान की।

कौशल्या देवी का निधन 18 मार्च को हुआ था। वह लंबे समय तक विद्यालय में रसोइया के पद पर कार्यरत रहीं। बेसिक शिक्षा परिवार जहांगीरगंज के सहयोग से यह राशि जुटाई गई।

शिक्षकों के एक दल ने मूलचंद को उनके पैतृक गांव जेठास में यह राशि सौंपी। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के मंत्री रामकेवल यादव, कंपोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय विक्रम सिंह, संतराज सक्सेना, राकेश कुमार, हरिश्चंद्र वर्मा, राजबली, ओमप्रकाश यादव, ओंकार नाथ सिंह, समाजसेवी मित्रसेन यादव और कन्हैयालाल यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कौशल्या देवी के पुत्र मूलचंद को 34,300 रुपये की सहायता प्रदान

### सुविधा : घरेलू, व्यावसायिक और छोटू सिलेंडर की उपलब्धता बरकरार

# मार्च 2026 में गैस आपूर्ति सुचारु

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । मार्च 2026 के दौरान गैस सिलेंडरों की आपूर्ति व्यवस्था सुचारु बनी रही। जिला पूर्ति अधिकारी ने जानकारी दी कि महीने भर में कुल 2,27,280 गैस सिलेंडरों की रिफिल बुकिंग की गई। इसके मुकाबले 14.2 किलोग्राम के घरेलू गैस सिलेंडरों की 1,95,082 होम डिलीवरी कराई गई।

व्यावसायिक उपयोग के लिए 19 किलोग्राम के 2,709 सिलेंडरों की आपूर्ति विभिन्न प्रतिष्ठानों तक की गई। इसके अलावा 5 किलोग्राम वाले छोटू सिलेंडरों की 1,498 बिक्री दर्ज की गई।

जिले में इस समय 5 किलोग्राम के करीब 800 छोटू सिलेंडर उपलब्ध हैं। यह सुविधा छोटे व्यापारियों, ठेले और रेहड़ी संचालकों के लिए उपयोगी है। उपभोक्ता अपनी पहचान पत्र दिखाकर संबंधित एजेंसी से निर्धारित मूल्य पर यह सिलेंडर प्राप्त कर सकते हैं। नगर पालिका परिषद अकबरपुर क्षेत्र में पाइपलाइन के माध्यम से पीएनजी गैस की आपूर्ति शुरू हो चुकी है। रसूलाबाद, मीरानपुर, गोविंद गणेशपुर, इंद्रलोक कॉलोनी, कृष्णानगर, मिर्जापुर, फायर स्टेशन के सामने पांडेय कॉलोनी और संघतिया (शिक्षक कॉलोनी) में यह सुविधा दी जा रही है।



### प्रेस वार्ता में दी गई जानकारी

यह जानकारी कलेक्ट्रेट में आयोजित प्रेस वार्ता में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रणजीत कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि जिले में गैस आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है।

### एजेंसियों पर पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

2 अप्रैल 2026 की स्थिति के अनुसार जिले की विभिन्न गैस एजेंसियों पर कुल 10,626 सिलेंडर रिफिल के लिए उपलब्ध हैं। अधिकारियों का कहना है कि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

घरेलू उपभोक्ताओं को सिलेंडर बुकिंग के लिए तय समय का पालन करना होगा। शहरी क्षेत्रों में पहली रिफिल के 25 दिन बाद और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन बाद बुकिंग की जा सकती है। बुकिंग के बाद डीएसी मिलने पर होम डिलीवरी के जरिए गैस उपलब्ध कराई जाती है।

## भियांव से अयोध्या के लिए विशाल श्रद्धालु जत्था रवाना




तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। भियांव ग्राम पंचायत निमटिनी से गुरुवार को अयोध्या दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालुओं का विशाल जत्था रवाना किया गया। यात्रा का नेतृत्व ग्राम प्रधान वंदना यादव ने किया, जबकि ब्लॉक प्रमुख गौरव सिंह ने हरी झंडी दिखाकर यात्रियों को विदा किया।

यात्रियों ने यात्रा शुरू करने से पहले पूजा-अर्चना की और भगवान राम की नगरी अयोध्या के दर्शन की तैयारियों के साथ उत्साह व्यक्त किया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जय राम के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गगन मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख गौरव सिंह और विधानसभा प्रत्याशी राजेश सिंह उपस्थित थे। उन्होंने श्रद्धालुओं को सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि उमेश यादव, समाजवादी पार्टी के विधानसभा प्रत्याशी राजेश सिंह और व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संतोष गुप्ता उपस्थित रहे। सामाजिक कार्यकर्ता गगन मिश्रा, बृजेश सिंह, विकास यादव, अनुज उपाध्याय, प्रिंस उपाध्याय, ओम प्रकाश सिंह, नीलम श्रीवास्तव और शिक्षण संस्थान के संचालक शुभम श्रीवास्तव ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

# सम्पादकीय

## सरकार को सुप्रीम कोर्ट की फटकार



यह अच्छा हुआ कि सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को एक अनावश्यक मुकदमा दायर करने के लिए फटकार लगाने के साथ ही उस पर अर्थ दंड भी लगाया। केंद्र सरकार को यह फटकार सीआइएसएफ के एक अधिकारी को सेवा से हटाने के मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट की ओर से दिए गए निर्णय के खिलाफ अपील दायर करने पर सुननी पड़ी। सुप्रीम कोर्ट ने यह पाया कि यह एक गैर जरूरी अपील थी। यह पहला ऐसा मामला नहीं, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने अनावश्यक पाया हो और केंद्र सरकार को फटकारा हो, लेकिन हालात बदल नहीं रहे हैं। 2024 के एक आंकड़े के अनुसार लंबित मामलों में सात लाख से अधिक मामले वे थे, जिन्हें केंद्र सरकार ने दायर कर रखा था। 2019 में ऐसे मुकदमों की संख्या चार लाख के करीब थी।

इसका मतलब है कि सरकार धड़ाधड़ मुकदमे दायर करती है और एक तरह से अपने ही लोगों को अदालतों में घसीटती है। केंद्र सरकार की ओर से सबसे ज्यादा मुकदमे वित्त मंत्रालय ने दायर कर रखे हैं। इसके बाद मुकदमेबाजी में उलझे मंत्रालय क्रमशः रेलवे, रक्षा और श्रम हैं। यदि राज्य सरकारों की ओर से दायर किए जाने वाले मुकदमों का भी संज्ञान लिया जाए तो पता चलेगा कि कुल लंबित मामलों में 45 प्रतिशत से अधिक मुकदमे केंद्र और राज्य सरकारों के हैं। यह प्रतिशत बढ़ता ही जा रहा है। साफ है कि करोड़ों लंबित मामलों के लिए केवल अदालतें ही दोषी नहीं।

यह तो नहीं कहा जा सकता कि केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से दायर किए गए सभी मुकदमे अनावश्यक होते हैं और जिनके खिलाफ वे दायर किए गए होते हैं, उनकी कहीं कोई गलती नहीं होती, लेकिन यह भी एक सच्चाई है कि सरकारें और विशेष रूप से उनका प्रशासन प्रायः छोटी-छोटी बातों को लेकर लोगों या संस्थाओं के खिलाफ मुकदमे दायर कर देता है। आम तौर पर जो अधिकारी मुकदमे दायर कराते हैं, वे कई बार केवल इसलिए ऐसा करते हैं, ताकि मामले विशेष का निपटारा करने में उन्हें अपना सिर न खपाना पड़े। कई बार वे अपने दायित्वों का नीर-क्षीर ढंग से निर्वाह करने के बजाय मामले को अदालत की चौखट तक पहुंचाने के लिए अधिक तत्पर रहते हैं। इसी कारण सुप्रीम कोर्ट अतीत में यह टिप्पणी कर चुका है कि केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा दायर 40 प्रतिशत से अधिक मुकदमे तुच्छ होते हैं।

यह स्थिति तब है, जब वित्त आयोग और नीति आयोग लंबित मुकदमों के बोझ को कम करने के लिए राज्यों को अपनी मुकदमा नीति पर गौर करने की सलाह दे चुके हैं। सरकारें जो मुकदमे दायर करती हैं, उनकी सुनवाई में खर्च होने वाला पैसा जनता का होता है। यह पैसा सीधे जनता की जेब से नहीं जाता तो इसका यह अर्थ नहीं कि सरकारें बात-बात में मुकदमे दायर करें।

# हिरासत में मौतें: बढ़ते आंकड़े, घटती जवाबदेही



> यह भी एक महत्वपूर्ण पहलू है कि हिरासत में मौतों के शिकार अक्सर समाज के कमजोर और वंचित तबकों से आते हैं। यह स्थिति सामाजिक न्याय और समानता के सिद्धांतों के विपरीत है।

महज 74 दिनों में 170 मौतें — यह आंकड़ा नहीं बल्कि व्यवस्था की गंभीर विफलता का संकेत है। हिरासत, जहां कानून के संरक्षण की उम्मीद होती है, वहीं अगर मौतें होने लगें तो यह केवल प्रशासनिक चूक नहीं बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा सवाल है। इतनी बड़ी संख्या का सामने आना इस बात का संकेत है कि समस्या केवल बनी हुई नहीं है बल्कि तेजी से गंभीर होती जा रही है। हाल में एक ताजा जानकारी ने देश की कानून-व्यवस्था और मानवाधिकारों की स्थिति पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े कर दिए हैं। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक और द वायर में छपी रिपोर्ट अनुसार केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय द्वारा संसद में प्रस्तुत आंकड़े बताते हैं कि इस वर्ष 15 मार्च तक देशभर में हिरासत में मौत के 170 मामले दर्ज किए जा चुके हैं। यह आंकड़ा पिछले पूरे वर्ष 2024-25 के कुल 140 मामलों से भी अधिक है। राज्यवार आंकड़े इस संकट की गहराई को और स्पष्ट करते हैं। बिहार में इस वर्ष अब तक 19 मामले सामने आए हैं जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 10 थी। राजस्थान में 2024-25 के 9 मामलों के मुकाबले इस वर्ष 18 और उत्तर प्रदेश में 11 के मुकाबले 15 मौतें दर्ज की गई हैं। गुजरात, महाराष्ट्र और पंजाब में भी 14-14 मामले सामने आए हैं। यह स्थिति दर्शाती है कि यह समस्या किसी एक राज्य या क्षेत्र तक सीमित नहीं बल्कि देशव्यापी प्रवृत्ति का रूप ले चुकी है। यदि पिछले वर्षों के रुझान पर नजर डालें तो 2021-22 में 176, 2022-23 में 163, 2023-24 में 157 और 2024-25 में 140 मामले दर्ज हुए थे। यह क्रम एक धीमी गिरावट का संकेत देता था जिससे उम्मीद बंधती थी कि सुधार की दिशा में कुछ प्रगति हो रही है लेकिन इस वर्ष अचानक आई वृद्धि ने उन सभी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या पुलिस सुधारों की प्रक्रिया ठहर गई है, या फिर जवाबदेही और निगरानी के तंत्र में गंभीर खामियां बनी हुई हैं।

हिरासत में मौतें केवल आंकड़ा नहीं होतीं, वे कानून के उस मूल सिद्धांत को चुनौती देती हैं जिसमें हर नागरिक को न्यायिक प्रक्रिया के तहत अपने अधिकारों की रक्षा का भरोसा दिया जाता है। जब किसी व्यक्ति को राज्य की निगरानी में रखा जाता है तो उसकी सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी भी राज्य की होती है। ऐसे में हिरासत में होने वाली हर मौत सीधे-सीधे उस जिम्मेदारी के निर्वहन पर सवाल खड़े करती है। यह स्थिति और भी चिंताजनक तब हो जाती है जब



इन मामलों में पारदर्शिता और निष्पक्ष जांच की कमी दिखाई देती है। अक्सर देखा गया है कि हिरासत में मौत के मामलों में जांच की प्रक्रिया लंबी और अस्पष्ट रहती है। कई बार दोषियों के खिलाफ कार्रवाई या तो देर से होती है या फिर औपचारिकता बनकर रह जाती है। इसका परिणाम यह होता है कि पीड़ित परिवारों को न्याय मिलने में देरी होती है और व्यवस्था के प्रति उनका विश्वास कमजोर पड़ता है। जब जवाबदेही तय नहीं होती तो ऐसी घटनाओं के दोहराए जाने का खतरा बढ़ जाता है।

एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में यह अपेक्षा की जाती है कि कानून सभी के लिए समान रूप से काम करे लेकिन जब कमजोर वर्ग ही अधिक प्रभावित दिखाई देते हैं तो यह असंतुलन व्यवस्था की विश्वसनीयता पर प्रश्न उठाता है।

इस गंभीर समस्या का समाधान केवल आंकड़े प्रस्तुत करने या चिंता व्यक्त करने भर से नहीं होगा। इसके लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाने होंगे। सबसे पहले, हिरासत में मौत के हर मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जानी चाहिए। पुलिस थानों और हिरासत केंद्रों में सीसीटीवी निगरानी को अनिवार्य और प्रभावी बनाया जाए ताकि घटनाओं की वास्तविकता सामने आ सके। साथ ही, मानवाधिकार आयोगों और निगरानी संस्थाओं को अधिक अधिकार और संसाधन दिए जाने चाहिए ताकि वे प्रभावी ढंग से अपनी भूमिका निभा सकें। पुलिस बल के प्रशिक्षण में भी संवेदनशीलता और मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। कानून लागू करने वाले अधिकारियों को यह समझना होगा कि उनकी भूमिका केवल अपराध नियंत्रण तक सीमित नहीं है बल्कि नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, दोषियों के खिलाफ त्वरित और कठोर कार्रवाई का स्पष्ट संदेश जाना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। अंततः, हिरासत में बढ़ती मौतें केवल कानून-व्यवस्था की विफलता नहीं बल्कि लोकतंत्र के मूल मूल्यों के लिए भी एक गंभीर चेतावनी हैं। यदि समय रहते इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है। कानून का राज तभी सार्थक है, जब वह नागरिकों के जीवन और अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित कर सके— अन्यथा आंकड़ों में दर्ज ये मौतें व्यवस्था की असफलता का स्थायी प्रतीक बनती जाएंगी।

**बाबूलाल नागा**

## शोध पत्रिकाओं की गुणवत्ता का सवाल

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी के नियमानुसार पीएचडी शोध प्रबंध जमा करने के पहले शोधार्थी के दो शोध आलेखों का छपा होना आवश्यक है। शिक्षकों की प्रोन्नति के लिए भी शोध आलेखों का प्रकाशन अनिवार्य है। पहले नियम था कि ये शोध आलेख यूजीसी केयर सूचीबद्ध पत्रिका में छपे होने चाहिए। अब उस नियम को शिथिल कर विशेषज्ञ समीक्षित शोध पत्रिका में छपना अनिवार्य कर दिया गया है। इस अनिवार्यता के बाद विभिन्न विषयों में विशेषज्ञ समीक्षित पत्रिकाओं की बाढ़ आ गई है। आइएसएसएन (इंटरनेशनल स्टैंडर्ड सीरियल नंबर) हासिल कर निजी उद्यम से छपने वाली इन पत्रिकाओं में अधिकांश अकादमिक दृष्टि से लचर हैं, किंतु पत्रिका के नाम के नीचे यह लिखने की ढिठाई करती हैं-विशेषज्ञ समीक्षित शोध पत्रिका।

ये पत्रिकाएं पैसे लेकर शोधार्थियों-शिक्षकों के शोध आलेख छापती हैं। इन पत्रिकाओं में छपकर शोधार्थी और शिक्षक उसका लाभ भी ले रहे हैं। इनमें कई पत्रिकाएं यूजीसी केयर में भी सूचीबद्ध हो गई थीं। अधिकांश पत्रिकाओं में शोध आलेखों का निम्न स्तर चिंताजनक है। अधिकतर शोध आलेखों में न विषय पर नया प्रकाश पड़ता दिखता है, न शोधार्थी के सम्यक विश्लेषण का पता चलता है। अधिकांश शोध पत्रिकाओं में भाषा का संस्कार अनुशासन गायब दिखता है। वर्तनी को लेकर अराजकता का आलम यह है कि एक ही पृष्ठ पर एक ही शब्द अलग-अलग ढंग से लिखा मिलता है। इन पत्रिकाओं में शब्दावली, वाक्य विन्यास और व्याकरण संबंधी न्यूनतम ज्ञान का सर्वथा अभाव दिखता है।

**कृपाशंकर चौबे**

### युद्ध का एक और प्रभाव...

जयसिंह रावत

## ईरान-इजरायल युद्ध की आंच चारधाम यात्रा तक

पश्चिम एशिया में ईरान और इजरायल के बीच बढ़ता युद्ध अब केवल क्षेत्रीय तनाव का विषय नहीं रह गया है, बल्कि इसके प्रभाव अब वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा बाजार और आम जनजीवन तक स्पष्ट रूप से महसूस किए जा रहे हैं। इस भीषण संघर्ष की आंच सुदूर हिमालय स्थित करोड़ों सनातन धर्मावलंबियों की आस्था के केंद्र,बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री तक पहुंच रही है। आगामी 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया से शुरू हाने जा रही इस वर्ष की चारधाम यात्रा न केवल महंगी होने जा रही है अपितु इस संघर्ष का असर विदेशी श्रद्धालुओं के आगमन पर पड़ने की भी पूरी आशंका है।

इस साल की चारधाम यात्रा के लिये गंगोत्री एवं यमुनोत्री के कपाट अक्षय तृतीया पर 19 अप्रैल को ,केदारनाथ के 22 अप्रैल को तथा बदरीनाथ के कपाट 23 अप्रैल को खुल रहे हैं। इसलिये ऋषिकेश में यात्रा का उद्घाटन 14 या. 15 अप्रैल को होने की संभावना है।चारधाम यात्रा उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। हर वर्ष लगभग 50 लाख श्रद्धालु देश-विदेश से इन पवित्र धामों के दर्शन के लिए आते हैं लेकिन इस बार परिस्थितियां अलग हैं। युद्ध के चलते वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल और गैस की कीमतों में उछाल आया है, जिसका सीधा असर भारत जैसे ऊर्जा आयातक देश पर पड़ रहा है। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि का असर पहाड़ी क्षेत्रों तक भी कई गुना बढ़कर पहुंचता है। इसलिये चारधाम यात्रा की पूरी लागत संरचना प्रभावित होना स्वाभाविक है।

इस संकट का सबसे पहले असर परिवहन पर पड़ता है। इस हिमालयी तीर्थ यात्रा का अधिकांश हिस्सा सड़क मार्ग से तय किया जाता है, जहां टैक्सी, बस और निजी वाहनों की भूमिका



महत्वपूर्ण होती है। ईंधन महंगा होने से इन सेवाओं के किराए बढ़ना स्वाभाविक है। इसके साथ ही, पहाड़ों में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति मैदानी क्षेत्रों से होती है। जब परिवहन महंगा होता है, तो खाद्य सामग्री, होटल सेवाएं और अन्य जरूरी सुविधाएं भी महंगी हो जाती हैं जो सीधे श्रद्धालुओं की जेब पर बोझ डालता है। ऋषिकेश से लेकर चारों धामों तक लगभग 1300 किमी लम्बे यात्रा मार्ग हजारों की संख्या में होटल, रेस्तरां और ढाबे स्थाई और सीजनल आधार पर चलते हैं। भोजन और चाय-नास्ते के केन्द्र प्रायः एलपीजी से चलते हैं। इन दिनों सारे देश में रसोई गैस की किल्लत चल रही है जिसका असर चारधाम यात्रा पर भी पड़ना स्वाभाविक है। इस किल्लत के चलते भोजन आदि की कीमतों में कम से कम 20 प्रतिशत तक उछाल आने की संभावना है, जिसका सीधा असर तीर्थ यात्रियों की जेबों पर पड़ेगा। चारधाम यात्रा में परिवहन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी निभाने वाली ऋषिकेश स्थित टीजीएमओयू ट्रांसपोर्ट कंपनी के अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह नेगी के अनुसार अगर युद्ध के हालात नहीं सुधरे और रसोई गैस की स्थिति नहीं सुधरी तो इस साल की चारधाम यात्रा बहुत बुरी तरह प्रभावित हो सकती है। इस बार चारधाम यात्रा के लिये 3000 हजार बसें तय की गयी हैं जिनकी बुकिंग शुरू हो गयी है। देश के विभिन्न कोनों से बसों की बुकिंग कर आने वाले तीर्थ यात्री अपना कीचन भी साथ लाते हैं और उनको यात्रा के दौरान रसोई गैस उपलब्ध करानी होती है, जो कि इस स्थिति में बहुत कठिन है। नेगी के अनुसार यात्रियों के कुछ दलों ने बसों की बुकिंग केंसिल करा दी है।

इसका दूसरा महत्वपूर्ण पहलू यह है कि चारधाम यात्रा केवल श्रद्धा का विषय नहीं, बल्कि एक व्यापक आर्थिक तंत्र है। उत्तराखंड के लाखों परिवारों की आजीविका प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से इस यात्रा से जुड़ी हुई है। होटल व्यवसायी, ढाबा संचालक, टूर ऑपरेटर, गाइड, घोड़ा-खच्चर मालिक, फूल-प्रसाद विक्रेता, सभी की आय का बड़ा हिस्सा इसी यात्रा से आता है। जब यात्रा महंगी होती है, तो स्वाभाविक रूप से यात्रियों की संख्या प्रभावित होती है, विशेषकर मध्यम और निम्न आय वर्ग के लोग अपनी यात्रा स्थगित या सीमित कर सकते हैं। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था पर सीधा नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

युद्ध का एक और प्रभाव अंतरराष्ट्रीय यात्राओं पर भी देखा जा रहा है। खाड़ी देशों और यूरोप से आने वाली उड़ानों के मार्ग में बदलाव और हवाई किराए में वृद्धि के कारण प्रवासी भारतीयों और विदेशी पर्यटकों की संख्या में कमी आने की आशंका है। यह वर्ग आमतौर पर अधिक खर्च करता है और स्थानीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देता है। उनकी अनुपस्थिति से पर्यटन क्षेत्र की आय में गिरावट आ सकती है। केदारनाथ जैसे दुर्गम क्षेत्रों में हेलीकॉप्टर सेवाएं एक महत्वपूर्ण साधन बन चुकी हैं लेकिन एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमतों में वृद्धि के कारण इन सेवाओं के किराए में भी बढ़ोतरी होना तय है।

### रिजर्व बल...

अशोक भाटिया

## वामपंथी उग्रवाद को हराने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को बधाई

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में घोषणा की कि भारत लगभग माओवादी मुक्त हो चुका है, और उग्रवाद की केंद्रीय और राज्य स्तरीय नेतृत्व संरचनाएं काफी हद तक ध्वस्त हो चुकी हैं। उन्होंने विस्तार से बताया कि पिछले तीन वर्षों में 4,839 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है, जबकि शीर्ष समिति के सदस्य या तो मारे गए हैं या उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया है। घोषणा होते ही लोकसभा सदस्यों द्वारा अमित शाह द्वारा की गई इस घोषणा का स्वागत करते हुए केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया और राहुल गांधी तथा कांग्रेस की नक्सलवादियों को वैचारिक समर्थन देने के आरोप में आलोचना भी की। शाह ने विश्वास व्यक्त किया कि देश को जल्द ही वामपंथी उग्रवाद की दीर्घकालिक चुनौती से आधिकारिक तौर पर मुक्त घोषित कर दिया जाएगा।

इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा दी गई समय सीमा मंगलवार, 31 मार्च को समाप्त हो गई, जिसमें केवल कुछ नक्सली जंगल में बचे थे, वह भी नेतृत्वविहीन राज्य में। समय सीमा के बारे में दरअसल देखा जाय तो किसी समस्या से उत्पन्न होने वाली हिंसा को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा बलों को, पुलिस को समय देने में कोई बुराई नहीं है। ये सही है कि जब तक उन्हें ऐसा टारगेट टास्क नहीं दिया जाता है, तब तक उनके ऑपरेशन को तेज नहीं किया जा सकता है, लेकिन क्या ये कहा जा सकता है कि तय समय सीमा में लक्ष्य हासिल करने के बाद भी समस्या खत्म हो जाती है? सवाल नक्सल आंदोलन पर लागू होता है, जो लंबे समय से देश में है और अब सरकार बनने पर है। महानिदेशक के मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में विजयकुमार ने



नक्सल नरसंहार का श्रेय शाह के साथ-साथ चिदंबरम को भी दिया. उनके अनुसार, इस आंदोलन में कांग्रेस और भाजपा दोनों की केंद्र की सरकारों द्वारा दिखाई गई निरंतरता सराहनीय है। रिजर्व बल के पूर्व महानिदेशक, के. दुर्गा प्रसाद ने भी मीडिया को दिए इंटरव्यू में कहा कि नक्सलियों का खात्मा होना अच्छी बात है, लेकिन अपने प्रभाव क्षेत्र के लोगों को विकास की प्रक्रिया में लाना एक बड़ी चुनौती है और इसके लिए सरकार को स्थानीय स्तर पर काफी काम करना होगा।

पश्चिम बंगाल में नक्सली विद्रोह को कुचलने के लगभग 45 साल बाद, नक्सलियों ने समाज में सामाजिक और आर्थिक असमानता और सरकार और अमीरों द्वारा किए गए अन्याय के आधार पर दंडकारण्य में प्रभाव पैदा किया। क्या यहां रहने वाले आदिवासी विकास की मुख्यधारा में आ गए हैं? क्या इस दौरान इस क्षेत्र में सरकार की सक्रियता से सामाजिक जीवन में कोई फर्क पड़ा? बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास ये पांच चीजें हैं जो विकास को गति देने के लिए जरूरी हैं। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन ने एक सर्वे किया।

# जरा हटके

### यह अब कोई छुपा...

डा. विनोद बब्बर

## अलोकतांत्रिक और अन्याय पूर्वक है साहित्य अकादमी की कार्यशैली

साहित्य अकादमी के गठन का उद्देश्य सभी भारतीय भाषाओं के साहित्य के संवर्धन हेतु किया था लेकिन इसकी जटिल रचना, विचित्र चुनाव प्रक्रिया ने साहित्य अकादमी को ऐसे लोगों का जमावड़ा बना दिया जो साहित्य की बजाय भारतीय संस्कृति विरोधी विचार को देखकर निर्णय करने लगे। यह यक्ष प्रश्न है कि दुनिया के इतिहास में क्या कोई ऐसी दूसरी संस्था है जहाँ अपना कार्यकाल पूरा करने वाले सदस्य ही नए सदस्यों का चयन करते हैं। क्या यह कोई राजशाही है जहां राजा अपना उत्तराधिकारी स्वयं तय करें ?

जिस संस्था की रचना इतनी जटिल है, उसकी कार्यशैली भी अव्यवहारिक है । सुनने में यह है अच्छा लग सकता है कि साहित्य अकादमी सभी भारतीय भाषाओं के साथ समान व्यवहार करती है। प्रत्येक भाषा को एक सम्मान की बात सुनकर ताली बजाने वाले लोग समझते नहीं है या समझना नहीं चाहते कि डोगरी और बोडो बोलने वाली कुल जनसंख्या से भी अधिक हिंदी के लेखक हैं। अतः एक समान व्यवहार का जुमला उचित नहीं है। कुछ भाषाओं में पुरस्कार प्राप्त गली-गली हो और देश के लगभग सभी राज्यों और विदेशों में बसे भारतीय मूल के लोगों द्वारा प्रयोग में लाई जाने वाली दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी भाषा के साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त साहित्यकारों को ढूंढना पड़ता है।

वह साहित्य अकादमी ही है जिसने देश की संविधान




की आठवीं अनुसूची भाषाओं के अतिरिक्त कुछ बोलियां को अलग से सम्मान देने की परंपरा शुरू की। उसी का परिणाम है कि हिंदी को समृद्ध करने वाली बोलियों के मन में अलगाव के विचार पनपा। आज अनेक बोलियों के लोग संविधान में अलग दर्जा मांग रहे हैं तो उस पाप के लिए साहित्य अकादमी की कार्यशैली जिम्मेदार है । छोटी-छोटी बोलियों और लगभग 100 करोड़ के लोगों की भाषा हिंदी को समकक्ष रखने का विचार भाषा और संस्कृति के विखंडन को बढ़ावा देने का षड्यंत्र है । इसलिए सर्वप्रथम साहित्य अकादमी को लोकतांत्रिक बनाया जाए। साहित्य अकादमी को लोकतांत्रिक और निष्पक्ष बनाना इसलिए भी आवश्यक है ताकि उसकी प्रक्रिया पारदर्शी हो।

यह अब कोई छुपा रहस्य नहीं है कि साहित्य अकादमी पर लंबे समय से काबिज कांग्रेस-वामपंथ गिरोह ने मनमाने ढंग से चयन समिति का गठन और निर्णय की परंपरा आरंभ की। इस बार भी हिंदी पुरस्कार तय करने का जिम्मा जिन लोगों को दिया गया उनका एक विचारधारा विशेष में विश्वास तो अवश्य है लेकिन हिंदी साहित्य में क्या योगदान है, यह बताने योग्य उनके पास कुछ नहीं है। ऐसे में साहित्य अकादमी के पुरस्कार 'अंधा बाँटे रेवड़ी' की तर्ज पर बांटे गए।

हमने साहित्य अकादमी द्वारा हिंदी की उपेक्षा का प्रश्न बार-बार उठाया है। साहित्य अकादमी और संस्कृति मंत्रालय को भी पत्र लिखे लेकिन पत्र का उत्तर तो दूर, पावती की सूचना भी प्राप्त नहीं हुई । इसलिए आज फिर दोहराना चाहता हूं, पुरस्कारों की प्रक्रिया को बदला जाए।

## हमारी विचारधारा-हमारा व्यवहार

जैसी हमारी मानसिकता होगी वैसे ही हमारे भीतर से विचार होंगे । तभी तो कहा हैं कि कोई किसी के बोलने के तरीक़े से किसी की मानसिकता को समझ सकता हैं । अब प्रश्न यह आता हैं की मन में विचारों पर तो जल्दी से किसी का नियंत्रण हैं ,होता नहीं हैं उसमें कैसे ही नकारात्मक विचार अपने आप स्वतः पैदा हो जाये व कभी -कभी ज़्यादा हो हमारे व्यवहार में प्रदर्शित हो जायें तो उस समय क्या किया जायें ? उस समय मेरे चिन्तन से यह हम करे की किसी भी तरीक़े के नकारात्मक विचारों से मेरा कोई सम्बन्ध नहीं हैं मैं स्वयं इनसे अपने को दूर कर रहा हूँ व करनी हैं हमें सावधानीपूर्वक, चिन्तनपूर्वक सद्विचारों से ओत-प्रोत हमारी विचारधारा।ऐसा चिन्तन करते - करते हमारी भाव धारा परिवर्तित होगी व हमारे विचार शुद्ध बनेंगे । विचारों की शुद्धता से हमारा जीवन व्यवहार अच्छा बनेगा । जीवन व्यवहार अच्छा होने से हम अच्छे मानव बन पायेंगे । यह सम्भव कैसे हुआ ? यह सम्भव हुआ अच्छे विचारों के आने व उनका विकास करने से । हमारी विचारधारा-हमारा व्यवहार भी रेशम की डोरी के समान लचीले और नाजुक होते हैं।समय के बदलाव के साथ विवेकपूर्ण हमारे विचारों में बदलाव हो,यह अपेक्षित होता है जो हठधर्मी होता है,वो अपनी विचारधारा व व्यवहार को संभाल नहीं पाता हैं ,सहिष्णुता भी बहुत बड़ा फैक्टर है जीवन व्यवहार को मजबूत बनाने में।सहिष्णुता के बिना सबके विरोधी विचारों में एकरूपता सम्भव नहीं।हाथ की पांचों उंगलियां जैसे एक जैसी कभी नहीं हो सकती,लेकिन वो मिलकर जब मुट्ठी बनती है तो छोटी बड़ी की बात गौण हो जाती है और ताकत होती है मुट्ठी में और एक बात हमेशा मैने सुनी है₹बंधी बुहारी लाख की,बिखरी बुहारी खाक की₹यानी शक्ति केंद्रीकरण में है ,एकल में नहीं।विडम्बना है कि आज ज्यादातर हमारी विचारधारा-हमारा व्यवहार में अकेलापन चाहते है ₹स्वतंत्रता ₹के नाम पर ,वहां व्यवहार डोर की तरह मजबुत नहीं बन सकते,सभी तरह की व्यवहार की डोर की मजबूती के लिए जैसा कि हम सोच सकते हैं की कभी लँगड़ा,कभी गूंगा ,कभी बहरा बनना पड़ता है,यानी सबके विचारों में मेल बिठाना पड़ता है,यही अनेकांत है और नय के द्वारा सबके विचारों में मुख्य और गौण के सिद्धांत को अपनाकर हर विचार व व्यवहार से रिश्ते की पकड़ मजबुत बनाई जा सकती है।

**> प्रदीप छाजेड़**

# पूर्व सांसद की गाड़ी के आगे लेटा व्यापारी

आरोप

## बिजनौर में सिर बंपर में फंसा, बैक करने में घिसटता चला गया

तमसा संकेत, एजेंसी

नगीना । बिजनौर में भाजपा के पूर्व सांसद कुंवर भारतेंद्र सिंह की गाड़ी के आगे एक व्यापारी लेट गया। पुलिस ने हटाने की कोशिश की, तो वह बंपर में घुस गया और उसका सिर गाड़ी में फंस गया। ड्राइवर ने गाड़ी पीछे की, तो उसका शरीर कुछ मीटर तक घिसटता चला गया। पुलिस ने पैर पकड़कर घसीटकर उसे गाड़ी के नीचे से निकाला। इसके बाद वह गाड़ी से अलग हुआ। इस दौरान व्यापारी कहता रहा- हमको गोली मार दो। व्यापारी को हटाने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करने पड़ी। इस दौरान करीब 30 मिनट तक हंगामा चलता रहा।

घटना के समय पूर्व सांसद अधिकारियों के साथ एक लकड़ी



फैक्ट्री में छापेमारी करने पहुंचे थे। इसी दौरान वहां विवाद हो गया। मामला बढ़ता देख पूर्व सांसद गाड़ी में बैठकर वापस लौटने लगे, तभी आक्रोशित व्यापारी उनकी गाड़ी के आगे लेट गया।

फैक्ट्री मालिक ने पूर्व सांसद पर 5 करोड़ रुपए की अवैध वसूली और उत्पीड़न का आरोप लगाया। गाड़ी के बंपर में फंसने के कारण व्यापारी को चोट भी आई है। मामला चांदपुर रोड स्थित एक आरा मशीन का बताया जा रहा है। इसका वीडियो भी सामने आया है।

### व्यापारी बोला- सांसद ने कहा कि हम तुम्हें नेस्तनाबूद कर देंगे

मोहम्मद आबिद ने बताया कि 4 बजे के समय एडीएम साहब आए थे। चांदपुर रोड पर मेरी आरा मशीन है। ये दुकान पहले सस्पेंड कर दी गई थी, जिसे डीएफओ साहब ने बहाल कर दिया था। तुषार मलिक रोजाना यहां आकर रेकी करता था। उसके बाद उन्होंने राजा भारतेन्दु साहब को बुलाया। 40-50 आदमी उनके साथ आए थे। उन्होंने कहा- हम तुम्हें किसी भी कीमत पर छोड़ेंगे नहीं, नेस्तनाबूद कर देंगे। उन्होंने हम पर गाड़ी चढ़ाई, मेरे ऊपर चाकू से वार किया। सांसद हमसे कहते हैं कि हमारे सीधे मुख्यमंत्री जी से ताल्लुक हैं, हम सीधे मुख्यमंत्री के पास जाकर बैठते हैं। हम 5 मिनट में तुम्हें नेस्तनाबूद कर देंगे। हमें 5 करोड़ रुपए दो।हम कहां से दें?

बुधवार दोपहर करीब 4 बजे चांदपुर रोड स्थित तालिब बंधु कारोबारी के आरा मशीन में भाजपा के पूर्व सांसद कुंवर भारतेन्दु सिंह अधिकारियों के साथ छापेमारी करने पहुंचे थे। इस आरा मशीन को कुछ महीने पहले सील किया गया था। बाद में बहाल कर दिया गया।



व्यापारी ने कहा- भारतेंद्र सिंह मुख्यमंत्री तक शिकायत पहुंचाकर प्रशासन पर अनावश्यक दबाव बना रहे हैं।

### आबिद बोले- कई बार पैर तक पकड़े फिर भी परेशान कर रहे

आबिद ने कहा- मेरा कुंवर भारतेंद्र सिंह से कोई विवाद नहीं था। मैंने कई बार माफी भी मांगी, यहां तक कि पैर भी पकड़े, लेकिन इसके बावजूद मुझे लगातार परेशान किया जा रहा है। मेरा पहले रोबिन चौधरी से विवाद हुआ था, लेकिन उससे भी उन्होंने माफी मांग ली थी। इसके बावजूद अब इस मामले को तूल दिया जा रहा है।

## छेड़खानी की घटनाओं पर डरने की बजाय डायल करें 1090

तमसा संकेत, संवाददाता



मथुरा। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना "मिशन शक्ति फेज-5.0" (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद में महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मथुरा के निर्देशन में थाना नौहझील की मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान महिलाओं को गुड टच और बैड टच के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा महिला संबंधी अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए। साथ ही सार्वजनिक स्थानों, बसों या रास्तों में छेड़खानी की घटनाओं पर डरने के बजाय तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1090 या नजदीकी थाना में शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया।

पुलिस टीम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक और इंस्टाग्राम का सावधानीपूर्वक उपयोग करने की सलाह दी। इसके अलावा महिलाओं और बालिकाओं को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक करते हुए स्वयं नियमों का पालन करने और दूसरों को भी प्रेरित करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी साझा की गई, जिनमें 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 एवं 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 101 अग्निशमन सेवा और 1930 साइबर हेल्पलाइन शामिल हैं। पुलिस प्रशासन ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है और ऐसे जागरूकता अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

फास्ट न्यूज

### 'हर जरूरतमंद को मिलेगा आवास'

गोरखपुर । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंद लोगों को आवास दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया। कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है।

### देवर के दोस्त ने गला रेतकर भाभी की हत्या की

गोरखपुर । गोरखपुर में देवर के दोस्त ने बुधवार शाम 5 बजे भाभी की हत्या कर दी। वह अपने घर की छत पर टहल रही थी। बाहर लगी सीढ़ी के रास्ते आरोपी छत पर चढ़ा और चाकू से गला रेत दिया। वारदात को पड़ोसियों ने देखा तो चिल्लाने लगे। शोर सुनकर आरोपी भाग गया। चीख-पुकार सुनकर देवर छत पर पहुंचा। आनन-फानन में भाभी को हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गुस्साए परिजनों ने शव को हॉस्पिटल के बाहर रखकर हंगामा कर दिया। आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी का मांग करने लगे। उनका कहना था कि जान के बदले जान चाहिए। जब तक आरोपी का एनकाउंटर नहीं होगा, शव नहीं उठाने देंगे।

### लड़की को बचाने में किशोर डूबा

गोरखपुर । गोरखपुर में लड़की को डूबने से बचाने के दौरान 14 साल का एक किशोर खुद नदी में डूब गया। यह दर्दनाक घटना राजघाट इलाके के तकिया घाट पर बुधवार दोपहर करीब 4 बजे हुई। बताया जा रहा है कि किशोर ने बिना अपनी जान की परवाह किए नदी में कूदकर लड़की को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसके बाद वह खुद गहरे पानी में चला गया और लापता हो गया।

## बाराबंकी के गौरव का क्षण, रोहन गुप्ता का पीसीएस में चयन



तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी। जनपद के लिए अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है कि शहर के कटरा मोहल्ला निवासी होनहार युवा रोहन गुप्ता का उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (पीसीएस) परीक्षा में चयन हुआ है। चयनित होने के पश्चात रोहन गुप्ता अब सेल टैक्स ऑफिसर के पद पर अपनी सेवाएं देंगे। उनके इस उल्लेखनीय उपलब्धि से पूरे बाराबंकी जनपद में खुशी और उत्साह का माहौल है।

समाजसेवी व भाजपा नेता पंकज गुप्ता 'पंकी' ने रोहन गुप्ता के आवास पहुंचकर उनका सम्मान किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रोहन गुप्ता की सफलता न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे वैश्य समाज एवं बाराबंकी जनपद के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने आगे कहा कि यह बाराबंकी के लिए अत्यंत गौरवान्वित करने वाला क्षण है, जब एक साथ एक दर्जन से अधिक प्रतिभाशाली युवाओं ने पीसीएस जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। वैश्य समाज के युवाओं का शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ना समाज की प्रगति और जागरूकता का प्रतीक है।

## फर्रुखाबाद में 9 महीने बाद कंकाल मिला, पत्नी उट ऑफिस गई तो न्याय मिला

# बहन को छेड़ने वाले दोस्त को मारकर खेत में दफनाया



तमसा संकेत, एजेंसी

फर्रुखाबाद । फर्रुखाबाद में एक युवक ने बहन से छेड़छाड़ करने वाले अपने दोस्त की हत्या कर दी। शव को घर से 1 किलोमीटर दूर खेत में गाड़ दिया। वारदात का खुलासा 9 महीने बाद हुआ है।

पुलिस ने आरोपी को देहरादून से गिरफ्तार किया है। आरोपी की निशानदेही पर उसके खेत से एक कंकाल बरामद हुआ है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि हत्या से पहले उसने दोस्त को शराब पिलाई गई, फिर गला घोंटकर मार दिया।

मृतक की पत्नी पिछले 9 महीनों से अपने पति की तलाश में अधिकारियों के चक्कर काट रही थी। मुख्यमंत्री ऑफिस में शिकायत



ओमवीर, मृतक

के बाद पुलिसवाले हरकत में आए और मामला खुला। पूरी घटना अमृतपुर थाना क्षेत्र के गुजरपुर पमारान गांव की है।

पूछताछ में आरोपी रामू ने बताया, ओमवीर उसका दोस्त था। वह उसे अपनी बहन की ससुराल लेकर गया था। वहां ओमवीर ने उसकी बहन से छेड़छाड़ की। यह बात ससुराल वालों ने भी देख ली, जिससे रिश्ता खराब हो गया। इसी रंजिश में उसने हत्या की साजिश रची। उसने सुरजीत यादव को भी साथ मिला लिया। घटना वाले दिन ओमवीर को अपने खेत पर बुलाया। पहले उसे शराब पिलाई, फिर गमछे से गला घोंटकर मार दिया। हत्या के बाद शव को वहीं मक्के के खेत में गाड़ दिया।

### तीन साल पहले युवक की हुई थी शादी

गुजरपुर पमारान गांव का रहने वाला ओमवीर (26) साइकिल मिस्त्री था। गांव में उसकी छोटी सी दुकान थी। तीन साल पहले उसकी शादी शाहजहांपुर की धर्मशीला से हुई थी। अभी उनके कोई बच्चे नहीं थे। परिवार में दो भाई राजवीर और राहुल हैं। तीन बहनें हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। ओमवीर के पिता की 2015 में सर्पदंश से मौत हो गई थी। 20 जुलाई, 2025 की शाम करीब 7 बजे ओमवीर अपनी दुकान पर था। तभी पड़ोसी रामू यादव (25) वहां आया। रामू टेंट लगाने का काम करता था। उसने ओमवीर से साथ चलने को कहा। ओमवीर ने दुकान बंद की और घर पहुंचा। पत्नी धर्मशीला से खाना लगाने के लिए कहा, लेकिन बिना खाना खाए वह रामू के साथ चला गया। देर रात तक वह घर नहीं लौटा। परिजनों ने तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

### खुलासे के लिए कई टीमें लगाई गईं

कई महीनों तक मामले की जांच चलती रही। खुलासे के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। आसपास के जिलों में भी तलाश की गई, लेकिन ओमवीर का कोई सुराग नहीं मिला। इस दौरान पत्नी धर्मशीला लगातार न्याय के लिए अधिकारियों के चक्कर लगाती रहीं। बाद में उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय में भी शिकायत की। करीब 9 महीने बाद, 31 मार्च 2026 की रात पुलिस ने मुख्य आरोपी रामू को देहरादून से गिरफ्तार किया।

## 30 मिनट मंदिर में रहे ■ बोले- यह भावुक क्षण, गुरुकुल के छात्रों से मिले

# गौतम अडाणी ने परिवार के साथ रामलला के दर्शन किए

तमसा संकेत, एजेंसी

अयोध्या। देश के जाने-माने उद्योगपति और अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने गुरुवार को अयोध्या में रामलला के दर्शन किए। उन्होंने पत्नी डॉ. प्रीति अडाणी, बड़े बेटे करण और बहू पारिधि अडाणी के साथ विधि-विधान से रामलला की पूजा की। आरती की। पुजारी से तिलक लगवाया। प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर का भ्रमण कर राम मंदिर निर्माण के बारे में जानकारी ली।

गौतम अडाणी गुरुवार सुबह 8.30 बजे पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अयोध्या पहुंचे। अहमदाबाद से 2 चार्टर्ड फ्लाइट्स से अयोध्या के महर्षि



बिजनेसमैन गौतम अडाणी ने अयोध्या में रामलला के दर्शन किए।

वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लैंड हुए। एयरपोर्ट से सीधे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचे। यहां उनका अंग वस्त्र भेंटकर स्वागत किया।

साल 1998 का पहला दिन था। गौतम अडाणी और शांतिलाल पटेल अहमदाबाद के कर्णवती क्लब से कार में सवार हुए।

### 16 साल की उम्र में शुरू कर दिया था कारोबार

गौतम अडाणी का जन्म 24 जून 1962 को अहमदाबाद के गुजराती जैन परिवार में हुआ था। महज 16 साल की उम्र में बी-कॉम की पढ़ाई छोड़कर वो मुंबई चले गए। वजह थी परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति। मुंबई में उन्होंने डायमंड सॉर्ट महिंद्रा ब्रॉस में नौकरी कर ली। कुछ ही महीने बाद उन्होंने खुद का डायमंड ब्रोकरेज आउटफिट शुरू किया। 1981 में उनके भाई ने एक प्लास्टिक फैक्ट्री खोली थी, जिसका काम संभालने के लिए वह गुजरात लौट आए। अडाणी ने 1988 में अडाणी एंटरप्राइजेज की शुरुआत की, जो कमोडिटी इंपोर्ट-एक्सपोर्ट का काम करती थी।



### गुरुकुल महाविद्यालय में छात्रों से मुलाकात की

गौतम अडाणी ने अयोध्या के गुरुकुल महाविद्यालय में छात्रों से मुलाकात की। उन्हें सम्मानित किया। गुरुकुल की पुरानी और आधुनिक परंपरा के बारे जाना। उन्होंने कहा कि मैंने बच्चों के साथ समय बिताया। गुरुकुल आज के युग में हमारी संस्कृति को जागृत रखने का काम कर रहा है। अडाणी फाउंडेशन AI के इस दौर में इस गुरुकुल संस्कृति को संरक्षित करने में हर संभव सहयोग देगा।

### विद्यार्थियों और शिक्षकों से बातचीत की

गौतम अडाणी श्रीराम मंदिर से करीब 10 मिनट दूर स्थित गुरुकुल महाविद्यालय पहुंचे। यह गुरुकुल 1935 में स्वामी त्यागानंद ने शुरू किया था। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों से बातचीत की। देखा कि कैसे यहां अनुशासन, संस्कार और पढ़ाई एक साथ चलती है। उन्होंने कहा- जब शिक्षा मूल्यों के साथ जुड़ी होती है, तो वह सिर्फ इंसान को नहीं बनाती, बल्कि देश का भविष्य भी बनाती है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम इन परंपराओं को आगे बढ़ाएं और आने वाले समय के लिए भी तैयार रहें।

## एमआईईटी में 3 दिवसीय 'फ्यूजन' प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

### छात्रों को मिले अत्याधुनिक डिजाइन टूल्स का प्रशिक्षण

तमसा संकेत, संवाददाता

मेरठ। मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आईसीटी अकादमी के सहयोग से 1 से 3 अप्रैल, 2026 तक तीन दिवसीय छात्र प्रशिक्षण कार्यक्रम 'फ्यूजन' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम क्यू ब्लॉक स्थित सीएडी लैब में संपन्न हुआ, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आधुनिक तकनीकी ज्ञान अर्जित किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को आधुनिक डिजाइन एवं मैन्युफैक्चरिंग तकनीकों से अवगत कराना तथा अकादमिक शिक्षा और औद्योगिक आवश्यकताओं के बीच की दूरी को कम करना रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों को फ्यूजन सॉफ्टवेयर के माध्यम से डिजाइन एवं मॉडलिंग की व्यावहारिक ट्रेनिंग प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को सीएडी/सीएएम टूल्स की गहन जानकारी दी गई, जिससे उनके तकनीकी कौशल, डिजाइन थिंकिंग, नवाचार क्षमता और समस्या समाधान कौशल का विकास हुआ। प्रशिक्षण के पश्चात प्रतिभागियों में उद्योग से जुड़े कार्यप्रवाह की समझ विकसित हुई, जिससे वे इंटर्नशिप, प्रोजेक्ट्स और औद्योगिक चुनौतियों के लिए अधिक तैयार हो सके।

प्रशिक्षण का समन्वयन असिस्टेंट प्रोफेसर मृ. शैलेंद्र भाटी एवं डॉ. राजेश कुमार मौर्य द्वारा किया गया, जबकि छात्र समन्वयक के रूप में बी.टेक चतुर्थ सेमेस्टर के विशाल कुमार एवं एम.टेक छठे सेमेस्टर के मोहम्मद आदिल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के सफल समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर डॉ. विपिन कुमार शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्रों को उद्योग के अनुरूप तैयार करने में सहायक सिद्ध होते हैं।

दर्दनाक : उन्नाव में ट्रक गर्दन पर चढ़ा, भतीजी बाल-बाल बची, दुबई में रहता है पति

# महिला का हेलमेट समेत सिर कटकर अलग

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव । उन्नाव में तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से गुरुवार दोपहर स्कूटी सवार महिला की मौत हो गई। महिला अपनी 6 साल की भतीजी के साथ बाजार गई थी।

रास्ते में ट्रक ने पीछे से स्कूटी में टक्कर मार दी। इससे महिला और उसकी भतीजी सड़क पर गिर गई। तभी ट्रक का पहिया महिला की गर्दन से गुजर गया। महिला का सिर हेलमेट समेत धड़ से अलग हो गया। हादसे में बच्ची बाल-बाल बची है। लेकिन वह सदमे में है। मामला सदर कोतवाली क्षेत्र का है।

हादसा देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। बच्ची सड़क



फरहीन फातिमा, मृतक

उन्नाव में तेज रफ्तार ट्रक ने महिला को रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।

किनारे पड़ी रोए जा रही थी। लोगों ने गोद में उठाकर उसे शांत कराया। घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। घटना की



6 साल की बच्ची जारा हादसे में बाल-बाल बच गई। लेकिन वह सदमे में है।

### फरार ट्रक ड्राइवर की तलाश जारी

सदर कोतवाली पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है, ताकि फरार ट्रक और उसके चालक की पहचान की जा सके। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी चालक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंचे। फरहीन की लाश देखकर उसके जेठ लईक को कुछ सूझ नहीं रहा था। वह चीख रहे थे। वह कभी मृत पड़ी फरहीन की पीठ सहलाते तो कभी मदद की गुहार लगाते।

### दवा लेने बाजार गई थी महिला

चिपियाना मोहल्ला निवासी फरहीन फातिमा (27) गुरुवार दोपहर स्कूटी से महरा चौराहा स्थित एक मेडिकल स्टोर पर दवाई लेने जा रही थीं। साथ में उनकी 6 साल की भतीजी जारा भी थी। शेखपुर नहर के पास पहुंचते ही तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से फरहीन फातिमा सड़क पर गिर पड़ीं और ट्रक के नीचे आ गईं।

फहरीन ने सेफ्टी के लिए हेलमेट लगा रखा था। लेकिन पहिया उनकी गर्दन के ऊपर से गुजर गया। इससे उनका सिर धड़ से कटकर हेलमेट समेत अलग हो गया। हादसा इतना भयानक था कि हेलमेट कटे सिर से बाहर निकल आया। मौके पर ही फरहीन की मौत हो गई। जिसने भी यह मंजर देखा, वह कांप उठा। हादसे में भतीजी जारा ट्रक की टक्कर लगने के बाद उछलकर सड़क पर दूर जाकर गिरी। इससे वह बाल-बाल बच गई। मामूली चोटें आई हैं।

# यूपी में आज से फिर बारिश और ओले का अलर्ट, आंधी चलेगी

## बरसात से फसलों को नुकसान, योगी बोले- डीएम अलर्ट रहें

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ/वाराणसी। यूपी में मौसम फिर बदलने वाला है। कल यानी शुक्रवार से एक बार फिर बेमौसम बारिश का दौर शुरू होगा। मौसम विभाग के मुताबिक, प्रदेश में झमाझम बारिश होगी। इस दौरान बिजली और ओले गिर सकते हैं। 50 से 60 KM की रफ्तार से आंधी चल सकती है। फिलहाल गुरुवार सुबह से मौसम साफ है। पूरे प्रदेश में तेज धूप खिली है। हल्की ठंडी हवा चल रही है। इससे पहले, बीते 2 दिन अलग-अलग हिस्सों में बेमौसम बरसात हुई। कन्नौज में सबसे ज्यादा 29 मिमी., मैनपुरी में 20 मिमी. और लखनऊ में 15.1 मिमी बारिश हुई। एटा, हाथरस और चित्रकूट में 10 मिमी. बारिश रिकॉर्ड की गई। कई जगह तेज हवा के साथ ओले भी



गिरे। बेमौसम बारिश और तेज हवा से फसलों को काफी नुकसान हुआ है। सीएम योगी ने बुधवार को बेमौसम बारिश से प्रभावित किसानों का हाल जाना। अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी। सभी जिलाधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए। कहा- किसानों को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। फसल नुकसान का आकलन करें और जल्द किसानों को मुआवजा दिलाएं। लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल सिंह ने कहा -यूपी में 3 अप्रैल से एक बार फिर मौसम करवट लेने वाला है। 3 और 7 अप्रैल को लगातार दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहे हैं। इसका पश्चिमी उत्तर प्रदेश, मध्यांचल और बुंदेलखंड में ज्यादा असर देखने को मिलेगा। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के कारण तेज हवाएं चलेंगी। बारिश और ओले गिरेंगे। तापमान में 5C की गिरावट आएगी। मौसम साफ है। धूप तेज निकली है। सुबह हल्की ठंडक के बाद दिन चढ़ते ही गर्मी का असर दिख रहा है। मौसम विभाग ने शनिवार को पश्चिमी विक्षोभ के कारण कहीं-कहीं बादल और हवा चलने की संभावना जताई है।

## मुरादाबाद में 50 हजार का इनामी था, हत्या-लूट समेत 36 मुकदमे दर्ज थे

# 5 करोड़ की रंगदारी मांगने वाला शूटर एनकाउंटर में ढेर

**घेराबंदी**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

मुरादाबाद। मुरादाबाद पुलिस ने बुधवार रात कारोबारी से 5 करोड़ की रंगदारी मांगने वाले बदमाश को एनकाउंटर में ढेर कर दिया। आशु उर्फ मोंटी (40) उधम सिंह गैंग का शार्प शूटर था। उसपर हत्या-लूट समेत 33 मुकदमे दर्ज थे। सिविल लाइंस इलाके में पोस्टमॉर्टम हाउस के पास एनकाउंटर हुआ।

आशु रंगदारी के मामले में फरार चल रहा था। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए 50 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया था। पुलिस उसे पकड़ने के लिए लगातार दबिश दे रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बुधवार रात सिविल लाइंस इलाके में घेराबंदी की। पोस्टमॉर्टम हाउस के पास पुलिस को देखकर वह बाइक से भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया, तो उसने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में बदमाश को 2 गोली लगी। इनमें एक गोली सीधे सीने में जा लगी। मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। वहीं, एक बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गया। जिसकी तलाश में पुलिस टीमें सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। वेस्ट यूपी का कुख्यात अपराधी उधम सिंह 4 साल, 8 माह और 5 दिन बाद 26 मार्च को जेल से जमानत पर बाहर आया था। उसकी रिहाई के बाद मेरठ पुलिस ने अलर्ट जारी किया था, जिसके बाद से वेस्ट यूपी के तमाम जिलों की पुलिस अलर्ट मोड पर थी।




### गार्ड ने दर्ज कराई थी फायरिंग की एफआईआर

फायरिंग की घटना के बाद सिक्योरिटी गार्ड उमेश ने सिविल लाइंस थाने में शिकायत दर्ज कराई। एसएसपी मुरादाबाद सतपाल अंतिल पहले मेरठ में तैनात रहे हैं। इस वजह से उधम सिंह गैंग के बारे में अच्छे से जानते थे। उन्होंने गैंग का पता लगाने के लिए 5 टीमें लगाईं।



एनकाउंटर के बाद एसएसपी ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की।

### होम डेकोर आइटम विदेशो में एक्सपोर्ट करते हैं

शुभम ग्रीन विला निवासी अरशू ढल की बजीरचंद एक्सपोर्ट्स के नाम से फर्म है। वह ब्रास, ग्लास और वुडन के होम डेकोर आइटम 125 से ज्यादा देशों को एक्सपोर्ट करते हैं।

अरशु ने पुलिस को बताया-12 मार्च की रात करीब 8 बजे मेरे मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से मिस्ड कॉल आई। लगभग एक मिनट बाद व्हाट्सएप पर फिर से कॉल आई। जब मैंने कॉल रिसीव की, तो सामने वाले ने गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। इसके बाद मैंने कॉल काट दी।

### ऐसे उधम सिंह के संपर्क में आया

साल 2010 में आशु चड्ढा उर्फ मोंटी एक हत्या के मामले में जेल गया था। जेल में रहते हुए उसका संपर्क कुख्यात उधम सिंह गैंग के लोगों से हुआ। बाहर आने के बाद वह इस गैंग का सक्रिय सदस्य बन गया। जमानत मिलने के बाद वह लगातार लूट और हत्या की घटनाओं को अंजाम देने लगा। इसके कारण पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई थानों में उसके खिलाफ मुकदमे दर्ज हो गए।

## वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह में मेधावी छात्र छात्राएं हुए सम्मानित



**तमसा संकेत, संवाददाता**

मथुरा। विकास खंड राया के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय नगौड़ा में वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को उनका परीक्षाफल वितरित किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रत्येक कक्षा में प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि एआरपी राजीव शर्मा ने छात्र-छात्राओं को परीक्षाफल वितरित किया। उन्होंने मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया और बताया कि परिषदीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका अर्चना वर्मा ने उपस्थित अभिभावकों को विद्यालय में संचालित शैक्षिक और सह-शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताएं और कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। प्रधानाध्यापिका ने नए शैक्षणिक सत्र में अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराने के लिए अभिभावकों से सहयोग की अपील की।

इस अवसर पर इंचार्ज प्रधानाध्यापिका अर्चना वर्मा,गीता रानी, टेकेंद्र कुमार शर्मा,उमा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## रोहन गुप्ता का पीसीएस में चयन

बाराबंकी । बाराबंकी के कटरा मोहल्ला निवासी रोहन गुप्ता का उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (पीसीएस) परीक्षा में चयन हो गया है। वह अब सेल टैक्स ऑफिसर के पद पर अपनी सेवाएं देंगे। उनकी इस उपलब्धि से जनपद में हर्ष का माहौल है।

समाजसेवी और भाजपा नेता पंकज गुप्ता 'पंकी' ने रोहन गुप्ता के आवास पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रोहन गुप्ता की सफलता उनके परिवार, वैश्य समाज और पूरे बाराबंकी जनपद के लिए गर्व का विषय है।

पंकज गुप्ता ने यह भी बताया कि यह बाराबंकी के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है, जब एक साथ एक दर्जन से अधिक प्रतिभाशाली युवाओं ने पीसीएस जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने वैश्य समाज के युवाओं की शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में बढ़ती भागीदारी को समाज की प्रगति का प्रतीक बताया।

## एमआईईटी में हुआ रक्तदान महाअभियान

**तमसा संकेत, संवाददाता**

मेरठ। मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) में प्यारेलाल जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक एवं अहिंसा सोशल कमेटी के संयुक्त सहयोग से रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मानव सेवा की मिसाल पेश की। शिविर का उद्घाटन एमआईईटी के कैंपस निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. हनी तोमर एवं मीडिया हेड अजय चौधरी द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा महादान है, जिसके माध्यम से अनेक जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। जरूरतमंदों की सहायता के लिए इस प्रकार के शिविर अत्यंत सराहनीय पहल हैं। रक्तदान शिविर के दौरान कुल 174



यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जिसमें 115 छात्रों ने पहली बार रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डीन एकेडेमिक्स डॉ. संजीव सिंह, मनोज अग्रवाल, अखिल गौतम, अजय कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अहिंसा सोशल कमेटी की ओर से छात्र समन्वयक अंशिका, खुशी, केसर, वंशिका, ईशा, कृष्ण, दिव्यांशु, सैयद, राहुल एवं अखिल सहित अन्य छात्रों का आयोजन में विशेष योगदान रहा।

## 80 लोग बैठे थे, 2 बार घूमा, फिर टूटा, कई दुकानें दबीं, लोग मदद के लिए दौड़े

# यूपी में 60 फीट का झूला उखड़कर गिरा, 30 घायल


**हादसा**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कुशीनगर। यूपी के कुशीनगर में बुधवार देर रात 11.30 बजे बड़ा हादसा हो गया। यहां मेले में लगा 60 फीट का झूला घूमते वक्त उखड़कर गिर गया। 30 लोग घायल हो गए। ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। 2 बच्चों की हालत गंभीर है। हादसे के बाद अफरा-तफरी मच गई। चीख-पुकार के बीच लोग मदद के लिए दौड़े।

हादसे के वक्त झूला फुल था। करीब 80 लोग बैठे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि 2 बार घूमने के बाद झूला चरमराने लगा। लोगों ने आवाज लगाई, लेकिन ऑपरेटर ने नजरअंदाज कर दिया। कुछ ही देर बाद झूला तेज आवाज के साथ उखड़कर टूट गया। इसमें बैठे लोग नीचे गिर गए। ऊपर झूला गिरने से नीचे ही दब गए। मेले में तैनात पुलिसकर्मियों ने आसपास के लोगों की मदद से रेस्क्यू शुरू किया। झूले के नीचे दबे लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।





कुशीनगर में झूला गिरने से करीब 30 लोग घायल हो गए, इनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं।



### झूले का बेस कमजोर था, इसलिए गिरा

भैसहा मेला नारायणी नदी के तट पर स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर के पास हर साल चैत्र पूर्णिमा पर लगता है। प्रशासन ने झूला संचालन में लापरवाही की आशंका जताते हुए हादसे की जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, झूले का बेस कमजोर था। यानी, जमीन के अंदर उसे ठीक से नहीं गाड़ा गया था। यही वजह है कि जब 80 लोग झूले पर बैठे तो वह वजन नहीं सह पाया और गिर गया। मेले की व्यवस्था की जिम्मेदारी स्थानीय तहसील खड्डा, थाना और ग्रामसभा भैसहा की थी।

## श्रद्धा और भक्ति का उमड़ा सैलाब

# हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य आयोजन

**तमसा संकेत, संवाददाता**

मथुरा। हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर घाटी वाले बाबा, गूजर घाटी चौक बाजार में हनुमान महाराज का भव्य पूजन एवं अभिषेक कार्यक्रम श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। प्रातः 8:00 बजे 251 किलो दूध, 51 किलो दही, 51 किलो बूरा, 11 किलो घी, 11 किलो शहद, केसर, इत्र, गुलाब जल तथा गंगा एवं यमुना जल से विधिवत पंचामृत अभिषेक विद्वान आचार्यों के मंत्रोच्चारण के बीच किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान को महंत बलदेव प्रसाद व्यास, चरण सेवक सोनू पंडित एवं मोनू पंडित द्वारा सम्पन्न कराया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



शाम के समय भगवान श्री राम दरबार, श्री हनुमंत लाल महाराज एवं श्रीनाथजी के विग्रहों को देशी-विदेशी फूलों से आकर्षक रूप से सजाया गया। कलाकारों द्वारा की गई भव्य सजावट ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस अवसर पर विभिन्न व्यंजनों से सुसज्जित विशाल छप्पन भोग भी ठाकुर जी को अर्पित किया गया। सुगंधित पुष्पों और भोग के मध्य विराजमान ठाकुर की झांकी अत्यंत मनमोहक एवं अद्भुत प्रतीत हो रही थी। रात्रि 11:00 बजे तक दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। कार्यक्रम के समापन पर महंत बलदेव प्रसाद व्यास ने श्रद्धालुओं के साथ ठाकुर जी की महा आरती की। तत्पश्चात प्रसाद वितरण के साथ आयोजन का समापन हुआ।

**कार्यक्रम की व्यवस्था में महंत बलदेव प्रसाद व्यास, सत्यनारायण शर्मा, पंकज शर्मा, गोपाल, रजत, रितेश चतुर्वेदी, टिंकल वर्मा, जौनी गोला, आशीष वर्मा, भोला, अभिषेक चतुर्वेदी, कुश शर्मा सहित अनेक श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा। अंत में महेंद्र लक्ष्मी नारायण शर्मा ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी का आभार व्यक्त किया।**

## परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव

**तमसा संकेत, संवाददाता**

सूरतगंज (बाराबंकी)। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता मिला। परिजनों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए ससुराल पक्ष के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतका की पहचान सीतापुर जनपद के महमूदाबाद थाना क्षेत्र के बरगदिया गांव निवासी काजल (पुत्री रामजीवन) के रूप में हुई है। लगभग एक वर्ष पूर्व उसकी शादी मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के मझगांवा ग्राम पंचायत अंतर्गत शिवराजपुर गांव निवासी हंसराज (पुत्र मोहन) के साथ हुई थी।

गुरुवार दोपहर बाद काजल का शव उसके घर के कमरे में गमछे के सहारे फांसी के फंदे से लटका हुआ पाया गया। घटना की सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे और ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए। मृतका के पिता रामजीवन ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज में मोटरसाइकिल और नकदी की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर उनकी बेटी को लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि घटना से एक दिन पहले काजल के साथ मारपीट की गई थी, जिसकी जानकारी उसने फोन पर अपने परिजनों को दी थी। परिजनों ने आशंका जताई है कि उनकी बेटी की हत्या कर शव को फांसी के फंदे से लटकाया गया है, ताकि इसे आत्महत्या का रूप दिया जा सके।



## गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी का भंडाफोड़, दो दर्जन सिलेंडर जब्त

**तमसा संकेत, संवाददाता**

मथुरा। गोवर्धन क्षेत्र में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी का बड़ा मामला सामने आया है। थाना गोवर्धन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से जमा किए गए करीब दो दर्जन सिलेंडरों को जब्त कर एक हॉकर को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इजरायल, अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव का असर अब स्थानीय बाजारों में भी देखने को मिल रहा है। भारत में कमर्शियल गैस सिलेंडरों के दामों में लगभग 200 रुपये की बढ़ोतरी के बीच क्षेत्र में कालाबाजारी का खेल शुरू हो गया है। जानकारी के अनुसार, गोवर्धन-सौंख रोड स्थित सोरन गैस एजेंसी से जुड़ा एक हॉकर गोवर्धन-सकरवा रोड पर एक खेत में बने दो कमरों में सिलेंडरों का अवैध भंडारण कर रहा था। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर छापेमारी की, जहाँ से भरे हुए सिलेंडरों की बड़ी खेप बरामद हुई।



स्थानीय निवासी मदन शर्मा ने बताया कि गैस की किल्लत और बढ़ती कीमतों का फायदा उठाते हुए आरोपी हॉकर एक सिलेंडर करीब 3500 रुपये में बेच रहा था। वहीं शिकायतकर्ता राजवीर ठाकुर के अनुसार यह अवैध कारोबार पिछले एक महीने से चल रहा था। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस और प्रशासन को दी, जिसके बाद कार्रवाई की गई। पुलिस ने सभी सिलेंडरों को कब्जे में लेकर संबंधित हॉकर को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। प्रशासन का कहना है कि संकट के समय जनता का शोषण करने वाले कालाबाजारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### 'ट्रम्प की बेतुकी बातों..

नेपाल के सिविल एविएशन अथॉरिटी के मुताबिक, घरेलू फ्लाइट टिकट 50% तक महंगे हो गए हैं।

UAE के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उसने आज ईरान के 19 बैलिस्टिक मिसाइल और 26 ड्रोन को मार गिराया।

जंग शुरू होने के बाद से अब तक UAE 457 मिसाइल और 2000 से ज्यादा ड्रोन इंटरसेप्ट कर चुका है।

ईरान जंग की वजह से खाड़ी क्षेत्र के समुद्री रास्ते प्रभावित हुए हैं, जिसका फायदा पाकिस्तान को मिल रहा है। पाकिस्तान के मंत्री मुहम्मद जुनैद अनवर चौधरी ने कहा कि कराची और ग्वादर पोर्ट पर ट्रैफिक बढ़ गया है। कई देश अब इन पोर्ट्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि शिपिंग खर्च 5000 डॉलर प्रति कंटेनर से ज्यादा हो गया है।

कतर ने संयुक्त राष्ट्र (UN) में ईरान के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। कतर का आरोप है कि ईरान ने उसके इलाके पर ड्रोन और मिसाइल से हमले किए हैं। कतर के विदेश मंत्रालय ने कहा कि 28 मार्च से 1 अप्रैल के बीच कई हमले हुए, जिनमें एक तेल टैंकर भी निशाना बना। कतर ने इन हमलों को गैरकानूनी बताया और नुकसान की भरपाई की मांग की है।

ईरान की राजधानी तेहरान को कराज शहर से जोड़ने वाले बड़े पुल पर हमला किया गया। यह पुल मिडिल ईस्ट के सबसे ऊंचे पुलों में से एक माना जाता है। इस हमले में कई लोग घायल हो गए। इसके अलावा कराज के अन्य इलाकों पर भी हमले हुए।

### ईरान बोला- हॉलीवुड...

अमेरिका सिर्फ 250 साल पुराना देश है, जबकि ईरान की सभ्यता 6,000 साल पुरानी है और वो हमें डराने की कोशिश कर रहा है। ईरान की मिलिट्री यूनिट इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह उनके कंट्रोल में है और यह अमेरिका के राष्ट्रपति की बेतुकी बातों से नहीं खोला जाएगा। IRGC ने साफ कहा कि जो देश ईरान के खिलाफ हैं, उनके लिए इस रास्ते को खोलने का कोई सवाल ही नहीं उठता।

### ट्रम्प के भाषण में ...

उन्होंने होर्मुज स्ट्रेट संकट को लेकर कहा कि इसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी दूसरे देशों को लेनी चाहिए। हालांकि, एक दिन पहले ही उन्होंने कहा था कि होर्मुज खोले बिना कोई समझौता नहीं होगा।

### बीजेपी ऑफिस ...

वहीं दूसरे वीडियो में हमले के बाद दोनों संदिग्ध सड़क के दूसरी ओर भागते हुए कैद हुए हैं। घटना के विरोध में लुधियाना-जालंधर और मोहाली में बीजेपी ने प्रदर्शन किया।

बीजेपी वर्किंग प्रधान अश्वनी शर्मा ने कहा कि ऑफिस की सिक्योरिटी पंजाब पुलिस के पास थी। सरकार फंडिंग करने वाले का एजेंडा लागू कर रही। अब हमला करने वाले भी वीडियो बना रहे हैं।

सीएम भगवंत मान ने कहा कि जब वह चंडीगढ़ को पंजाब की राजधानी बताते हैं, तो उन्हें गद्दार कहा जाता है। उन्होंने कहा कि बीजेपी को अपनी जिम्मेदारी खुद लेनी चाहिए और इस तरह की बेबुनियाद बातें नहीं करनी चाहिए।

बुधवार शाम को पंजाब बीजेपी के मुख्यालय के बाहर ब्लास्ट हुआ था। इससे मौके पर खड़ी कई कारों के शीशे टूट गए और आसपास की दीवार पर छर्रों के निशान बन गए। घटना के 2 वीडियो वायरल हुए, जिसमें से एक में व्यक्ति ग्रेनेड बम फेंकता दिखा। जबकि, दूसरे वीडियो में बाइक पर जाते दो लोग दिखे, जिन्हें हमलवार बताया गया।

वहीं, सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी वायरल हुई, जिसमें इस हमले की जिम्मेदारी खालिस्तानी संगठन ने ली। अब तक पुलिस ने इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं की है। चंडीगढ़ की SSP कंवरदीप कौर ने कहा था कि क्रूड जैसी चीज फेंकी गई है। चंडीगढ़ पुलिस और सीएफएसएल की टीम ने बीजेपी ऑफिस के बाहर जांच की।

### 15 दिन बंगाल में...

इससे पहले शाह ने कोलकाता में रैली में कहा- सुवेंदु अधिकारी नंदीग्राम से चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन मैंने उनसे कहा कि सिर्फ नंदीग्राम में ही नहीं बल्कि हमें ममता को उनके घर में भी हराना होगा। दरअसल, सीएम ममता पश्चिम बंगाल की भवानीपुर और नंदीग्राम सीट से चुनाव लड़ रही हैं। बीजेपी ने उनके खिलाफ सुवेंदु अधिकारी को दोनों सीट से मैदान में उतारा है।

दिल्ली में कांग्रेस ने तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों की फाइनल लिस्ट तैयार की है। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (CEC) की में राहुल गांधी, खड़गे समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

### जंग के चलते तेजस...

जबकि 5 विमान पूरी तरह तैयार हैं। 19 विमानों के एयर फ्रेम भी तैयार हैं। यदि आपूर्ति बहाल होती है तो इस साल 24 और अगले साल तक 30 इंजन मिल जाएंगे। 9000 करोड़ की 113 इंजनों की डील पर कंपनी आगे बढ़ पाएगी।

इससे पहले फरवरी 2021 में सरकार ने HAL के साथ 83 तेजस मार्क-1A खरीदने के लिए 48,000 करोड़ का करार किया था, लेकिन HAL अमेरिकी इंजन की डिलीवरी में देरी की वजह से अभी तक एक भी एयरक्राफ्ट नहीं सौंप पाया है। उम्मीद है कि 2028 तक HAL सभी एयरक्राफ्ट्स वायुसेना को सौंप देगा। इसके लिए HAL को GE की ओर से अभी तक 4 इंजन भी मिल चुके हैं।

LCA तेजस मार्क-1A लड़ाकू विमान को पाकिस्तान बॉर्डर के पास राजस्थान के बीकानेर स्थित नाल एयरबेस पर तैनात करने की योजना है। रक्षा मंत्रालय ने बताया था कि इस जेट में स्वयं रक्षा कवच और कंट्रोल एक्चुएटर होंगे। तेजस मार्क-1A के 65% से ज्यादा उपकरण भारत में बने हैं।

### राज्यसभा में डिप्टी...

हालांकि, उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि पार्टी इस कदम को उठाने के लिए सही समय का इंतजार कर रही थी।

पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने यह भी बताया कि राघव चड्ढा कई 'महत्वपूर्ण मौकों' पर उपलब्ध नहीं रहे जिसमें फरवरी के आखिर में अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को आबकारी नीति मामले में राहत मिलने के बाद शक्ति प्रदर्शन भी शामिल था। सूत्रों के अनुसार, इस दौरान चड्ढा धीरे-धीरे पार्टी और उसके वरिष्ठ नेतृत्व से दूर होते गए।

### महिला आरक्षण पर ...

सरकार का मकसद 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' में संशोधन करना है। इसके जरिए महिलाओं के लिए तय कोटे को परिसीमन प्रक्रिया से अलग करना है। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' साल 2023 में पारित किया गया था।

एक बिल के जरिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन होगा, जबकि दूसरा परिसीमन कानून में बदलाव से जुड़ा होगा। इसे पास कराने के लिए संसद में दो-तिहाई बहुमत जरूरी होगा। इसी वजह से सरकार विपक्ष का समर्थन जुटाने में लगी है।

### समाजवादी पार्टी का ...

पूर्व मुख्यमंत्री ने चुनाव आयोग और अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान अधिकारी आयोग के निर्देश पर तैनात होते हैं। बंगाल में हो रही घटनाओं की जिम्मेदारी आयोग की है। श्री यादव ने बताया कि पिछली बार यूपी चुनाव में भी अधिकारी भाजपा के एजेंट बनकर काम कर रहे थे, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। श्री यादव ने जनता और पत्रकारों से अपील की कि प्रदेश में गरीब, किसान, मजदूर और पीड़ितों के हक के लिए समाजवादी पार्टी के नेतृत्व में लोकतांत्रिक सरकार लाएं।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार से किसानों को कोई राहत नहीं मिल रही। खेती का लागत मूल्य बढ़ा है, खाद, बीज और कीटनाशक की कीमतें बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने आलू खरीदने का वादा किया था, लेकिन अभी तक एक किलो भी आलू नहीं खरीदा।

## रिजवी ने सिक्स लगाकर मैच जिताया, पंत रनआउट हुए

# शमी ने 5वीं बार पहली बॉल पर विकेट लिया



10वें ओवर में मुकुल चौधरी ने लगातार दो चौके लगाकर आईपीएल में खाता खोला। कुलदीप यादव की गेंद पर मुकुल ने स्वीप शॉट खेला और गेंद फाइन लेग की दिशा में भेज दी। अगली गेंद पर भी मुकुल के बैट का किनारा लेकर बॉल बाउंड्री की तरफ निकल गई।

**मुकाबला**



लखनऊ । IPL 2026 के पांचवें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को 6 विकेट से हरा दिया। इकाना स्टेडियम में मोहम्मद शमी ने 5वीं बार पहली बॉल पर विकेट लिया। चेज के दौरान रिजवी ने सिक्स लगाकर मैच फिनिश किया। ऋषभ पंत का नॉन-स्ट्राइक एंड पर रनआउट होना अहम मोमेंट रहा।

मैच में 2 प्लेयर्स ने IPL डेब्यू किया। दिल्ली ने श्रीलंका के ओपनर पाथुम निसांका को डेब्यू कैप सौंपी। वहीं लखनऊ के लिए अनकैप्ड भारतीय मुकुल चौधरी ने पहला IPL मैच खेला।

पहले ओवर में ऋषभ पंत ने मुकेश कुमार की गेंद पर चौका लगाकर अपना खाता खोला। ओवर की तीसरी गेंद फुल और स्टंप्स के पास थी। पंत ने सीधे बल्ले से सामने की ओर शॉट खेलकर चौका लगा दिया।

6 ओवर में मुकेश कुमार की गेंद पर ऋषभ पंत रन आउट हो गए। गेंद फुल लेंथ पर थी। मिचेल मार्श ने सीधा शॉट खेला। बॉलर एंड पर मुकेश के हाथ से बॉल लगकर स्टंप्स से टकरा गई। नॉन स्ट्राइकर एंड पर पंत क्रीज से बाहर थे। गेंद स्टंप्स से लगी और पंत को वापस लौटना पड़ा। तीसरे ओवर में मोहसिन खान ने विकेट लेकर कोई रन नहीं दिया। उन्होंने तीसरी गेंद पर नीतीश राणा को अब्दुल समद के हाथों कैच कराया। इसके बाद इम्पैक्ट सब के तौर पर समीर रिजवी आए। मोहसिन ने बाहर की ऑफ स्टंप लाइन रखकर रिजवी को डिफेंस करने पर मजबूर कर दिया। 13.5 ओवर में समीर रिजवी ने चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। मार्करम की शॉर्ट गेंद ऑफ स्टंप के बाहर थी, रिज़वी ने बैकफुट पर जाकर पॉइंट के पीछे कट शॉट खेला। बॉल बाउंड्री के बाहर चौके के लिए चली गई।

### शमी ने 5वीं बार पहली बॉल पर विकेट लिया

मोहम्मद शमी ने 5वीं बार अपनी पहली बॉल पर विकेट लिया। प्रवीण कुमार-उमेश यादव जैसे बॉलर्स ने 3-3 बार यह कारनामा किया है। खास बात यह है कि शमी ने दो अलग-अलग टीमों के डेब्यू की पहली बॉल पर विकेट लिया।

2022 में गुजरात टाइटंस के लिए डेब्यू करते हुए उन्होंने केएल राहुल (LSG) को पहली ही गेंद पर पर आउट किया था, वहीं लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए डेब्यू करते हुए भी उन्होंने केएल राहुल (DC) को पहली गेंद पर गोल्डन डक पर पवेलियन भेजा।



> लखनऊ ने पहली पारी में अपना अब तक का सबसे कम स्कोर बनाया। टीम ने दिल्ली के खिलाफ 141 रन बनाए। इससे पहले यह रिकॉर्ड 153/8 का था, जो उन्होंने 2022 में पंजाब के खिलाफ पुणे में बनाया था।

### एनगिडी की स्लोअर बॉल पर पूरन बोल्ड

9वें ओवर में निकोलस पूरन बोल्ड हो गए। लुंगी एनगिडी ने स्लोअर ऑफ-कटर फेंकी। पूरन ऑन साइड में फ्लिक करना चाहते थे, लेकिन शॉट के वक्त उनका बैलेंस बिगड़ गया। गेंद बैट के नीचे से निकलकर सीधे स्टंप्स से जा टकराई।

# विलियम्स ने टीम इंडिया के लिए छोड़ी ऑस्ट्रेलिया की नागरिकता

## कहा- दिल जहां, घर वहां नाना ने 1956 में बंगाल को हराया था

**कोच्चि, एजेंसी**

भारतीय फुटबॉल के लिए एएफसी एशियन कप 2027 क्वालीफायर का हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ मैच एक खास पल का गवाह बना। भारत ने मैच 2-1 से जीतकर टूर्नामेंट में अपना सफर खत्म किया। यह भारत की प्रतियोगिता में पहली और कोच्चि के मैदान पर भी पहली जीत रही। भारत की ओर से रयान विलियम्स (4') और आकाश मिश्रा (50') ने गोल किए। ऑस्ट्रेलियाई मूल के 32 वर्षीय रयान इस मैच में भारत के लिए डेब्यू कर रहे थे।

2014 में अराता इजुमी के बाद वह भारत के लिए खेलने वाले पहले विदेशी मूल के खिलाड़ी बने। रयान का पोर्ट्समाउथ और फुलहम जैसे इंग्लिश क्लबों से होते हुए कोच्चि तक का सफर अपनी जड़ों की ओर



लौटने की कहानी है।

रयान का जन्म ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में हुआ था और 2019 में वह ऑस्ट्रेलिया के लिए एक अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेल चुके थे। भारत से उनका नाता उनकी मां ऑड्रे से जुड़ता है, जो मुंबई (तत्कालीन बॉम्बे) के एक एंग्लो-इंडियन परिवार से ताल्लुक रखती हैं।

रयान की रगों में भारतीय फुटबॉल का पुराना इतिहास दौड़ता है। उनके सगे नाना, लिंकी ग्रोस्टेट ने 1956 की प्रतिष्ठित संतोष ट्रॉफी के सेमीफाइनल में बॉम्बे की तरफ से खेलते हुए मजबूत बंगाल के खिलाफ विजयी गोल दागा था। अपनी जड़ों की इसी पुकार ने रयान को 2022 में भारत खींचा, जब वह इंडियन सुपर लीग में बेंगलुरु एफसी से जुड़े। यहीं खेलते हुए भारतीय दिग्गज सुनील छेत्री ने उन्हें भारतीय राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने के लिए प्रेरित किया।

चूंकि भारत में दोहरी नागरिकता का प्रावधान नहीं है, इसलिए नीली जर्सी पहनने के लिए रयान को अपना ऑस्ट्रेलियाई पासपोर्ट हमेशा के लिए छोड़ना पड़ा। यह एक बहुत बड़ा फैसला था। उन्हें भारतीय पासपोर्ट हासिल करने के इस थका देने वाले सफर में तीन साल का वक्त लग गया।

## दिल्ली कैपिटल्स ने पंत की कप्तानी वाली सुपर जायंट्स को छह विकेट से हराया

# उत्तर प्रदेश के लड़के से हार गई लखनऊ की टीम

## मेरठ के समीर रिजवी ने खेली शानदार अर्धशतकीय पारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लखनऊ सुपर जायंट्स को आईपीएल 2026 के अपने पहले ही मैच हार मिली और उसकी इस हार का कारण उत्तर प्रदेश का लड़का ही बना। दिल्ली कैपिटल्स के लिए उत्तर प्रदेश के बल्लेबाज समीर ने शानदार 70 रनों की पारी खेली और लखनऊ को छह विकेट से हार मिली।



अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 141 रन बनाए थे, जिसके जवाब में दिल्ली कैपिटल्स ने 17.1 ओवर में चार विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। काम कर गया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली (Delhi Capitals IPL 2026) की शुरुआत बेहद खराब रही। गेंद स्विंग हो रही थी और पिच में अतिरिक्त उछाल था, जिसका लखनऊ के तेज गेंदबाजों मोहम्मद शमी, मोहसिन खान और प्रिंस यादव ने पूरा लाभ उठाया। दिल्ली ने केवल 21 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे, तब कोच हेमांग बदानी ने इंपैक्ट प्लेयर के रूप में समीर रिजवी को भेजा। समीर घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश के लिए खेलते हैं और इकाना स्टेडियम की परिस्थितियों से भी अच्छी तरह परिचित हैं। समीर ने इकाना में पिछले साल हुई यूपी टी-20 लीग के 10 मैचों में 61 के अधिक के औसत और 162 के शानदार स्ट्राइक रेट से 491 रन बनाए थे, जिसमें चार अर्धशतक शामिल हैं।

### प्रिंस और मोहसिन ने बनाया दबाव

केएल राहुल (00) से टीम प्रबंधन को अच्छी शुरुआत की उम्मीद थी, लेकिन वह मोहम्मद शमी की पहली गेंद पर मोहसिन खान को आसान कैच दे बैठे, जबकि पथुम निसंका (01) भी कोई कमाल नहीं कर पाए।

उन्हें तेज गेंदबाज प्रिंस यादव ने विकेट के पीछे कैच आउट कराया। इसी ओवर में प्रिंस ने डीसी के कप्तान अक्षर पटेल (00) को बोल्ड कर लखनऊ को बड़ी सफलता दिलाई। वहीं, पहली बार दिल्ली से खेल रहे नीतीश राणा (15) को मोहसिन खान ने शिकार बनाया। शमी के साथ प्रिंस और मोहसिन ने शुरुआत के ओवरों में दिल्ली के बल्लेबाजों खुलकर खेलने नहीं दिया।

### लखनऊ को बल्लेबाजी क्रम में प्रयोग पड़ा भारी

पिछले सीजन में लखनऊ की नियमित ओपनिंग जोड़ी मिचेल मार्श और एडम मार्करम ने कई मैचों में टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई थी, लेकिन इस मैच में मार्श (35) के साथ मार्करम की जगह ऋषभ पंत खुद बतौर ओपनर उतरकर चौंका दिया। उनके इस फैसले को टीम इंडिया के दो अन्य विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन और ईशान किशन से जोड़कर देखा जा रहा है। दरअसल, ये दोनों बल्लेबाज सफेद गेंद से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जिसको लेकर पंत दबाव में हैं।


**मनोरंजन**

## भगवान राम के रूप में गरिमा भरे अंदाज में दिखे, बैकग्राउंड म्यूजिक भी शानदार

# फिल्म 'रामायण' से सामने आया रणबीर कपूर का लुक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

हिंदी सिनेमा की बहुचर्चित फिल्म रामायण का फर्स्ट लुक टीजर आज रिलीज कर दिया गया है, जिसमें सुपरस्टार रणबीर कपूर की भगवान राम की भूमिका में पहली झलक देखने को मिली है। सोशल मीडिया पर उनके लुक ◌े अलावा फिल्म की वीएफएक्स विजुअल की भी काफी तारीफ हो रही है।



साथ ही रामायण के टीजर में मेकर्स ने इस बात का खुलासा भी किया है। 8 ऑस्कर अवॉर्ड जीतने वाली वीएफएक्स कंपनी ने इस बॉलीवुड फिल्म को तैयार किया है। आइए जानते हैं कि वह कौन सी कंपनी है। इस वीएफएक्स कंपनी की स्थापना साल 1998 में हुई थी। लंदन, मुंबई और लॉस एंजिल्स सहित दुनियाभर में इस कंपनी के स्टूडियोज मौजूद हैं। इनके अलावा अन्य कई हॉलीवुड फिल्मों में DNEG ने अपने VFX का कमाल दिखाया है। साल 2011 से लेकर अब तक ये वीएफएक्स स्टूडियो कुल 8 ऑस्कर अवॉर्ड भी जीता चुका। इसके अलावा DNEG ने ड्यून-पार्ट 2 के लिए बाफ्ता अवॉर्ड्स जीतकर कामयाबी का परचम लहराया है।

### ऑस्कर के लिए रामायण की तैयारी

निर्देशक नितेश तिवारी और निर्माता नमिल मल्होत्रा की रामायण का बजट 4000 करोड़ बताया जा रहा है। जिसका बड़ा कारण हॉलीवुड सिनेमा की पॉपुलर वीएफएक्स कंपनी DNEG का इसमें शामिल होना है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि वर्ल्ड लेवल का ब्रिटिश विजुअल इफेक्ट्स (VFX) एनिमेशन और स्टीरियो कन्वर्जन स्टूडियो का नाम DNEG है।






# 'क्वीन 2' में कंगना रनोट नजर आएंगी

## अप्रैल के आखिर तक शुरू होगी शूटिंग

नई दिल्ली। कंगना रनोट की फिल्म 'क्वीन' के सीक्वल की तैयारी शुरू हो गई है। रिपोर्ट में दावा किया गया कि कंगना और डायरेक्टर विकास बहल 'क्वीन 2' की शूटिंग अप्रैल के अंत तक शुरू करेंगे। मिड डे की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि फिल्म की कहानी पहली फिल्म का सीधा सीक्वल नहीं होगी, बल्कि यह खुद को खोजने और आत्मनिर्भरता के विषयों को दिखाएगी। इस बार कंगना का किरदार रानी छोटे शहर की नहीं, बल्कि शहर में रहने वाली लड़की होगी। कहानी में रानी एक ऐसी स्थिति का सामना करेगी, जो उसे खुद को खोजने के सफर पर ले जाएगी। फिल्म में दिखाया जाएगा कि वह अपनी पहचान, समझ और हिम्मत से जिंदगी की मुश्किलों का सामना कैसे करती है।

# बदल गई अक्षय कुमार की 'भूत बंगला' की रिलीज डेट



नई दिल्ली। अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की मच अवेटेड फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं और फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन अब 'भूत बंगला' के फैंस का ये इंतजार और भी लंबा होने वाला, क्योंकि मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट में बदलाव कर दिया है। इसकी जानकारी खुद मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए साझा की है। फिल्म की प्रोड्यूसर एकता कपूर ने आज गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा की है। इसमें उन्होंने एक लंबा नोट लिखकर इस बात की जानकारी दी है कि 'धुरंधर 2' की सफलता और कमाई को देखते हुए हमने फिल्म की रिलीज आगे बढ़ा दी है। अब गुरुवार 16 मार्च रात 9 बजे से 'भूत बंगला' के पेड प्रिव्यू शोज थिएटर्स में शुरू हो जाएंगे। जिससे साफ है कि फिल्म 16 मार्च की रात 9 बजे से सिनेमाघरों में मौजूद रहेगी। फिल्म की रिलीज आगे बढ़ने की आशंकाएं पहले ही लगाई जा रही थीं। अब मेकर्स ने साफ कर दिया है कि 'भूत बंगला' 10 अप्रैल को रिलीज नहीं हो रही है।

मेकर्स की ओर से शेयर किए गए नोट में लिखा गया, 'अपने डिस्ट्रीब्यूटर्स और एग्जीबिटर्स से बात करने के बाद हमने संयुक्त रूप से भूत बंगला की नई रिलीज डेट तय की है। 16 अप्रैल रात 9 बजे से फिल्म का पहला पेड प्रिव्यू शो सिनेमाघरों में शुरू होगा।'इस नोट में मेकर्स ने 'धुरंधर 2' की लगातार बढ़ती कमाई का भी जिक्र करते हुए लिखा, 'धुरंधरः द रिवेंज शानदार प्रदर्शन कर रही है।



## 90 के दशक की इस मूवी ने बचाया था करियर

# 3 साल तक हिट फिल्म के लिए तरसते रहे थे अजय देवगन

नई दिल्ली। बॉलीवुड के वर्सेटाइल एक्टर अजय देवगन का आज जन्मदिन है। इस खास मौके पर हम आपको उनसे जुड़े रोचक किस्सा बताने जा रहे हैं, जो 90 के दशक में उनके करियर ग्राफ से जुड़ा है। उस वक्त कुछ ऐसा हुआ था कि धमाकेदार डेब्यू करने के बाद अजय 4 साल तक हिट फिल्मों के लिए तरसते रहे थे। बॉक्स ऑफिस पर अजय देवगन की 10 लगातार फ्लॉप फिल्मों से उनके करियर पर ग्रहण सा लग गया था। तब जाकर एक सफल फिल्म ने एक्टर के लिए संजीवनी का काम किया। आइए जानते हैं कि वह फिल्म कौन सी थी। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार 1994 से लेकर 1997 के बीच उन्होंने लगभग 10 मूवीज में काम किया और वे सभी बॉक्स ऑफिस पर या तो एवरेज या फिर फ्लॉप साबित हुईं। इस समय में सिर्फ दिलजले उनकी एकमात्र फिल्म थी, जो बॉक्स ऑफिस पर सेमी हिट रही थी।



### अजय देवगन की 10 असफल मूवीज

अभिनेता अजय देवगन ने फिल्म फूल और कांटे से हिंदी सिनेमा में डेब्यू किया। पहली फिल्म हिट होने के बाद अजय के पास कई फिल्मों की लाइन लग गई। शुरुआत में सब कुछ सही चला, लेकिन फिर 1994 में एक्टर की फिल्म विजयपथ आई और इसके बाद वह अगले 3 साल तक हिट फिल्मों के लिए तरस गए।

### धुरंधर 2 का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 1,466.47 करोड़ हुआ

नई दिल्ली। रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 2 का दुनिया भर में कलेक्शन करीब 1,466.47 करोड़ हो गया है। ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क के अनुसार, रिलीज के चौदहवें दिन (बुधवार) फिल्म ने भारत में 20.10 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया।

बता दें कि फिल्म पहले से ही दुनिया की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली चौथी भारतीय फिल्म बन चुकी है। अब फिल्म के आगे दंगल, बाहुबली 2 और पुष्पा 2 हैं।

धुरंधर 2 का भारत में कुल नेट कलेक्शन 920.02 करोड़ रुपए और ग्रॉस कलेक्शन 1,101.47 करोड़ रुपए हो गया। ग्रॉस कलेक्शन टिकट से कुल कमाई और नेट कलेक्शन टैक्स के बाद की कमाई होती है। ओवरसीज में फिल्म ने 365.00 करोड़ रुपए कमाए, जिससे वर्ल्डवाइड ग्रॉस 1,466.47 करोड़ रुपए पहुंच गया।

चौदहवें दिन फिल्म के हिंदी वर्जन ने 18.75 करोड़ रुपए की सबसे ज्यादा कमाई की।

### खाने में बेकिंग सोडा मिलाकर बीमार करते थे, फिर हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू कराकर मोटा पैसा बनाते थे

# नेपाल में एवरेस्ट घोटाले का भंडाफोड़

**खुलासा**

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में माउंट एवरेस्ट से जुड़ा एक बड़ा घोटाला सामने आया है। काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ शेरपा और ट्रेकिंग से जुड़े लोग मिलकर खाने में बेकिंग सोडा या एक खास दवा मिलाकर पर्यटकों को बीमार बनाकर महंगे हेलिकॉप्टर रेस्क्यू के जरिए करोड़ों का बीमा घोटाला कर रहे थे।

रिपोर्ट के अनुसार, नेपाल पुलिस ने इस मामले में 32 लोगों पर केस दर्ज किया है। इनमें ट्रेकिंग कंपनी के मालिक, हेलिकॉप्टर ऑपरेटर और अस्पताल से जुड़े लोग शामिल हैं। इन पर संगठित अपराध और धोखाधड़ी के आरोप लगे हैं।

सरकारी पक्ष ने कुल 11.3 मिलियन डॉलर (करीब 107 करोड़ रुपए) के जुर्माने की मांग की है। कोर्ट ने इस मामले को गंभीर मानते हुए इसे प्राथमिकता दी है। यह फर्जी रेस्क्यू घोटाला नया नहीं है। पहली बार 2018 में यह उजागर हुआ था। इसके बाद सरकार ने जांच कराई, 700 पेज की रिपोर्ट बनाई और सुधारों का ऐलान किया। 2019 में इस पर एक लंबी जांच रिपोर्ट भी प्रकाशित हुई।



नेपाल के पहाड़ी इलाकों में हेलिकॉप्टर रेस्क्यू बहुत महंगा होता है। इसमें 2.5 लाख से 6 लाख भारतीय रुपए लगते हैं।

**बीमा कंपनियों के लिए सच का पता लगाना मुश्किल**

रिपोर्ट के मुताबिक रेस्क्यू के दौरान एक ही हेलिकॉप्टर में कई लोगों को बैठाया जाता है, लेकिन हर व्यक्ति के नाम से अलग-अलग पूरा बिल बीमा कंपनी को भेजा जाता है, जैसे हर किसी के लिए अलग उड़ान हुई हो। जैसे 4000 डॉलर की उड़ान को 12000 डॉलर का क्लेम बना दिया जाता है। इसके लिए फर्जी फ्लाइट रिकॉर्ड बनाए जाते हैं। अस्पताल में भी नकली कागज तैयार होते हैं। सीनियर डॉक्टर के डिजिटल सिग्नेचर का इस्तेमाल करके रिपोर्ट बनाई जाती है, जबकि वे डॉक्टर उस केस में शामिल ही नहीं होते।



**इस पूरे खेल में शेरपा, हेलिकॉप्टरकंपनियां, ट्रेकिंग एजेंसियां और अस्पताल मिलकर पैसा बांट लेते थे। जांच जनवरी में शुरू हुई थी, जब तीन बड़ी रेस्क्यू कंपनियों के 6 अधिकारियों को गिरफ्तार किया गया**

**इंटरनेशनल बीमा कंपनियों से पैसा वसूली**

नेपाल के ऊंचे पहाड़ी इलाकों में हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू करना कई बार लोगों की जान बचाने का जरूरी तरीका होता है। वहां ऑक्सीजन कम होती है और मौसम अचानक खराब हो सकता है, इसलिए बीमार या फंसे ट्रेकर को जल्दी काठमांडू पहुंचाना जरूरी होता है। लेकिन इसी सिस्टम का गलत फायदा भी उठाया जा रहा है। जल्दीबाजी, साफ जानकारी की कमी और सही निगरानी न होने के कारण यहां एक बड़ा बीमा घोटाला भी चल रहा है। जांच में सामने आया कि कुछ शेरपा, ट्रेकिंग एजेंसियों के साथ मिलकर पर्यटकों के खाने में बेकिंग सोडा मिला देते हैं। इससे पर्यटकों को तेज पेट दर्द, उल्टी और अन्य दिक्कतें होती थीं, जो ऊंचाई पर होने वाली बीमारी (एल्टीट्यूड सिकनेस) जैसी लगती हैं। कुछ मामलों में लोगों को डायमॉक्स (एक दवा जो ऊंचाई की बीमारी के लिए दी जाती है) के साथ ज्यादा पानी पिलाकर ऐसे लक्षण पैदा किए गए, जिससे लगे कि हालत गंभीर है।

## अमेरिका ने वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति पर लगे प्रतिबंध हटाए

नई दिल्ली, एजेंसी

संयुक्त राज्य अमेरिका ने वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज पर लगे प्रतिबंध हटा दिए हैं। यह जानकारी अमेरिकी वित्त विभाग की वेबसाइट पर जारी एक अपडेट के अनुसार है। अमेरिकी वित्त मंत्रालय के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय ने बुधवार (स्थानीय समय) को कहा कि रोड्रिगेज को प्रतिबंध सूची से हटा दिया गया है। वहीं, शिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, इस निर्णय के बारे में और अधिक जानकारी नहीं दी गई है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक्स एक पोस्ट में, रोड्रिगेज ने इस कदम का स्वागत किया। उन्होंने इसे द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने और मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। इसके साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि आर्थिक विकास और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए वेनेजुएला पर लगे अतिरिक्त प्रतिबंध हटाए जा सकते हैं। उन्होंने पोस्ट किया,



“राष्ट्रपति ट्रंप का निर्णय हमारे देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें विश्वास है कि यह प्रगति और दृढ़ संकल्प हमारे देश पर लगे अतिरिक्त सक्रिय प्रतिबंधों को हटाने की ओर ले जाएगा।” रोड्रिगेज ने आगे कहा ₹इससे हमारे लोगों के हित में तीव्र आर्थिक विकास, निवेश और प्रभावी द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। आइए, हम सभी के लिए एक समृद्ध वेनेजुएला की दिशा में काम करते रहें!₹ रोड्रिगेज ने इससे पहले राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के अधीन उपराष्ट्रपति के रूप में कार्य किया था। उनकी सरकार के सदस्यों को लक्षित करने वाले उपायों के तहत 2018 में संयुक्त राज्य अमेरिका की ओर से उन पर प्रतिबंध लगाए गए थे।

**फास्ट न्यूज**

### सोने में आज 3,263, चांदी में 13 हजार गिरावट

नई दिल्ली। अमेरिका-इजराइल की ईरान से चल रही जंग के बीच सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट जारी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, गुरुवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 5,346 रुपए घटकर 1.46 लाख रुपए आ गया है। इससे पहले बुधवार को यह 1.51 लाख पर था। वहीं, एक किलो चांदी 15,176 रुपए घटकर 2.25 लाख रुपए रह गई, जो 25 मार्च को 2.40 लाख रुपए पर थी।

### पेट्रोकेमिकल प्रोडक्ट्स पर इंपोर्ट ड्यूटी खत्म

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने बुधवार यानी 1 अप्रैल को 40 क्रिटिकल पेट्रोकेमिकल प्रोडक्ट्स पर लगने वाली बेसिक कस्टम्स ड्यूटी को पूरी तरह से माफ कर दिया है। यह छूट 30 जून 2026 तक लागू रहेगी। अमेरिका-इजराइल और ईरान युद्ध के बीच में जारी तनाव और ग्लोबल सप्लाई चेन में रुकावटों को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। इसका उद्देश्य घरेलू मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को कच्चे माल की सप्लाई लगातार मिलना और बढ़ती लागत को कम करना है। इससे सरकारी खजाने पर 1,800 करोड़ रुपए का बोझ पड़ेगा।

### ‘नाटो महज कागजी शेर’

वॉशिंगटन । अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि चीन, जापान और दक्षिण कोरिया को होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने की जिम्मेदारी उठानी चाहिए। ट्रंप ने कहा, "दक्षिण कोरिया को यह करना चाहिए। हमारे 45,000 सैनिक वहां तैनात हैं, जो एक परमाणु शक्ति के पास हैं। जापान को भी यह करना चाहिए। उन्हें अपने 90 प्रतिशत तेल की आपूर्ति इसी जलडमरूमध्य से मिलती है। चीन को भी आगे आना चाहिए।"

## पीपीएफ अकाउंट से हर महीने 61 हजार की कमाई

### 1.03 करोड़ का फंड भी तैयार हो जाएगा

नई दिल्ली, एजेंसी



सरकार ने अप्रैल-जून (Q1FY27) के लिए स्मॉल सेविंग स्कीम्स की ब्याज दरों में बदलाव नहीं किया है। यानी आपको पहले जितना ही ब्याज मिलता रहेगा। अगर आप रिटायरमेंट के लिए एक स्मार्ट फंड बनाना चाहते हैं तो यह पब्लिक प्रोविडेंट फंड यानी PPF आपके लिए अच्छा ऑप्शन हो सकता है।

PPF में निवेश की 15+5+5 रणनीति से आप 25 साल में 1.03 करोड़ का फंड बना सकते हैं। इस रकम पर मिलने वाले ब्याज से हर माह 61 हजार रुपए की पेंशन बना सकते हैं। PPF सबसे भरोसेमंद और सुरक्षित निवेश योजनाओं में से एक है।

PPF में 7.1% के गारंटेड ब्याज के साथ निवेश पूरी तरह जोखिम फ्री है। यह ब्याज हर साल कंपाउंड होता है, यानी आपके पैसे पर ब्याज मिलता है और फिर उस ब्याज पर भी ब्याज जुड़ता जाता है।

यही कंपाउंडिंग की ताकत PPF को इतना खास बनाती है। इसमें मिलने वाला ब्याज और मेच्योरिटी पर मिलने वाली रकम टैक्स-फ्री होती है। इस स्कीम में आप हर साल न्यूनतम 500 रुपए और अधिकतम 1.5 लाख रुपए तक निवेश कर सकते हैं। अब अगर आप पैसा निकालने की बजाय अगले 5 साल बिना नया निवेश किए छोड़ देते हैं, तो 20 साल बाद 57.32 लाख का फंड बन जाएगा।

### रिपोर्ट- राष्ट्रपति को सुप्रीम लीडर मुजतबा से मिलने से रोका, आईआरजीसी-सरकार के बीच टकराव


# ईरान में इस्लामिक गार्ड के हाथ में पूरा कंट्रोल

तेहरान, एजेंसी

ईरान में सरकार और धार्मिक सेना (IRGC) के बीच टकराव बढ़ने की खबर है। तेहरान टाइम्स रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान की ताकतवर सेना जैसी संस्था इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) और राष्ट्रपति मसूद पजशकियान के बीच सत्ता को लेकर खींचतान चल रही है।

अखबार के मुताबिक IRGC ने देश का कंट्रोल अब अपने हाथ में ले लिया है। दावा यह भी है कि राष्ट्रपति पजशकियान की मुलाकात सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई से नहीं हो पा रही है।

दरअसल इस हफ्ते की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान को लेकर एक बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष को खत्म करने के लिए बातचीत जारी है। ट्रम्प के मुताबिक, उनकी टीम कुछ ‘समझदार’ ईरानी नेताओं के संपर्क में है और बातचीत के जरिए हालात को शांत करने की कोशिश की जा रही है।





ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान। (फाइल फोटो)

**अखबार ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि राष्ट्रपति पजशकियान और खामेनेई के बीच हाल के दिनों में कोई संपर्क नहीं हुआ है। पजशकियान ने कई बार सुप्रीम लीडर से मिलने की कोशिश की, लेकिन आईआरजीसी ने उनकी बात को नजरअंदाज कर दिया।**

**राष्ट्रपति के फैसलों में दखल दे रही आईआरजीसी**

रिपोर्ट के मुताबिक पजशकियान कोई बड़ा फैसला नहीं ले पा रहे हैं। IRGC जिसका काम अमेरिका के हमलों का जवाब देना था, अब सरकार की अहम फैसले भी ले रहा है। अखबार ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि पजशकियान ने 26 मार्च को नया खुफिया मंत्री नियुक्त करने की कोशिश की थी। वे हुसैन देहगान को यह पद देना चाहते थे, लेकिन IRGC चीफ अहमद वहीदी ने इसे रोक दिया।

वहीदी ने यह पद तब संभाला था, जब युद्ध की शुरुआत में पिछले कमांडर मोहम्मद पाकपुर मारे गए थे। वहीदी का कहना है कि युद्ध की स्थिति में सभी अहम और संवेदनशील पदों पर नियुक्ति IRGC ही करेगा और वही उन्हें संभालेगा।

आमतौर पर ईरान की व्यवस्था में राष्ट्रपति खुफिया मंत्री का नाम तभी तय करते हैं, जब सुप्रीम लीडर की मंजूरी मिल जाती है, क्योंकि सुरक्षा से जुड़े मामलों में अंतिम अधिकार उन्हीं के पास होता है।


### होर्मुज संकट पर ईरान ने कर दिया बड़ा एलान

# हमारे भारतीय दोस्त सुरक्षित उन्हें नहीं रोकेंगे : ईरान

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम एशिया में तनाव के बीच ईरान ने भारत को बड़ी राहत देते हुए होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले भारतीय जहाजों को सुरक्षित रास्ता देने का आश्वासन दिया है। ईरान ने भारत को मित्र देश बताते हुए कहा है कि भारतीय ध्वज वाले जहाज और उसमें सवार नाविक सुरक्षित हैं, जिससे एलपीजी और तेल की आपूर्ति बनी रहेगी।

ईरान ने कहा है कि भारतीय मित्रों को होर्मुज स्ट्रेट की स्थिति को लेकर कोई चिंता करने की जरूरत नहीं है। 28 फरवरी को इजरायल और अमेरिका के हमलों के बाद से यह महत्वपूर्ण जलमार्ग बाधित हो गया है। ईरान के भारत स्थित दूतावास ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि हमारे भारतीय मित्र सुरक्षित हाथों में हैं, कोई चिंता नहीं।




> **ईरान होर्मुज स्ट्रेट को नियंत्रित करता है, जिसके रास्ते दुनिया की लगभग 20% ऊर्जा आपूर्ति होती है। संघर्ष शुरू होने के बाद ईरान ने बहुत कम जहाजों को पार करने की अनुमति दी है। ईरान ने कहा है कि वह मित्र राष्ट्रों जैसे भारत, चीन, रूस, इराक और पाकिस्तान के जहाजों को गुजरने की अनुमति दे रहा है।**

**भारतीय जहाजों की स्थिति**

अब तक कम से कम आठ भारतीय जहाज होर्मुज से निकल चुके हैं। इनमें दो एलपीजी कैरियर बीडब्ल्यू टायर और बीडब्ल्यू एल्म शामिल हैं, जिनमें कुल लगभग 94,000 टन एलपीजी का कार्गो था। वर्तमान में भारत के लिए 19 जहाज एलपीजी, कच्चे तेल और एलएनजी लेकर होर्मुज में फंसे हुए हैं। बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने 30 मार्च को अंतर-मंत्रालयीय ब्रिफिंग में बताया कि 10 विदेशी झंडे वाले जहाज भारत के लिए ऊर्जा कार्गो लेकर फंसे हैं। इनमें 3 एलपीजी, 4 कच्चे तेल के टैंकर और 3 एलएनजी कैरियर शामिल हैं।

भारतीय झंडे वाले जहाजों में 3 एलपीजी टैंकर, 1 एलएनजी कैरियर और 4 कच्चे तेल के टैंकर हैं। एक खाली टैंकर को एलपीजी भरने का काम चल रहा है। संघर्ष के दौरान संकरे स्ट्रेट में कुल करीब 500 जहाज फंस गए थे।

# 1972 के बाद पहली बार चांद के करीब पहुंचेंगे इंसान

### 10 दिन में चंद्रमा का चक्कर काटकर लौटेंगे 4 अंतरिक्ष यात्री

वॉशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने आज 2 अप्रैल को 'आर्टेमिस-2' मिशन लॉन्च किया। सुबह 4:05 बजे 'स्पेस लॉन्च सिस्टम' (SLS) ओरियन स्पेसक्राफ्ट में 4 अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर चांद की ओर रवाना हुआ। फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से ये लॉन्चिंग हुई।

साल 1972 में 'अपोलो-17' के बाद यह पहला मौका है जब कोई इंसान पृथ्वी की निचली कक्षा (LEO) को पार कर चांद के करीब पहुंचेगा। चारों यात्री स्पेसक्राफ्ट से चांद के चारों ओर चक्कर लगाएंगे और फिर धरती पर लौटेंगे। यह मिशन 10 दिन का है।

आर्टेमिस-II के बाद नासा 'आर्टेमिस-III' मिशन पर काम करेगा। उसमें डॉकिंग सिस्टम की टेस्टिंग होगी। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो साल 2028 में आर्टेमिस-IV के जरिए इंसान एक बार फिर चांद पर कदम रखेगा। इससे पहले 2022 में मानवरहित आर्टेमिस-1 भेजा गया था।



नासा के ओरियन स्पेसक्राफ्ट का डायामीटर 16.5 फीट है। अपोलो की तुलना में इसमें ज्यादा जगह है।

**'लॉन्च अबॉर्ट सिस्टम' में खराबी आ गई थी**

टेक-ऑफ से ठीक एक घंटा पहले 'लॉन्च अबॉर्ट सिस्टम' में कुछ ऐसी दिक्कतें आईं, जिनसे लॉन्चिंग पर खतरा मंडराने लगा था। यह रॉकेट का वो 'इमरजेंसी एग्जिट' है, जो खराबी आने पर एस्ट्रोनॉट्स वाले हिस्से को तुरंत रॉकेट से अलग कर देता है।

हालांकि इंजीनियरों ने इस समस्या को तेजी से सुलझा लिया। फिर सेफ्टी चेक के लिए काउंटडाउन घड़ी को 10 मिनट पर रोक दिया गया। इसके बाद रॉकेट के अलग-अलग जरूरी सिस्टम्स की जिम्मेदारी संभाल रहे इंजीनियरों की 'ओके' रिपोर्ट आई।

**सुरक्षित : तेल के कई स्रोत और बड़ा रणनीतिक भंडार मौजूद, घरेलू बिजली उत्पादन से आयात पर निर्भरता कम**

# होर्मुज क्राइसिस : तेल संकट में भी चीन मजबूत



नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम एशिया में तनाव के चलते स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के बंद होने का खतरा दुनिया के कई देशों के लिए चिंता का कारण बना हुआ है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि इस रास्ते से सबसे ज्यादा तेल आयात करने वाला चीन इस संकट से निपटने के लिए काफी हद तक तैयार नजर आता है। चीन अपनी तेल आपूर्ति को एक ही देश पर निर्भर नहीं रखता। वह रूस, वेनेजुएला और ईरान समेत कई देशों से तेल खरीदता है, जिससे जोखिम कम हो जाता है। इसके अलावा चीन के पास बड़ा तेल भंडार भी है। अनुमान के मुताबिक, उसके पास इतना स्टॉक है कि वह होर्मुज के रास्ते आने वाले तेल की कमी को करीब सात महीने तक पूरा कर सकता है। यह रणनीति उसे अचानक आने वाले संकट से बचाने में मदद करती है। चीन का घरेलू तेल उत्पादन भी बढ़ा है और पिछले साल यह 43 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुंच गया, जो उसकी कुल जरूरत का एक बड़ा हिस्सा पूरा करता है। साथ ही, चीन ने पाइपलाइन नेटवर्क के जरिए रूस, मध्य एशिया और म्यांमार से तेल और गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की है, जिससे समुद्री रास्तों पर निर्भरता कम होती है।

**इलेक्ट्रिक वाहनों से कम हुई तेल की खपत**

चीन में इलेक्ट्रिक वाहनों (EV) का तेजी से विस्तार हुआ है, जिससे तेल की खपत पर बड़ा असर पड़ा है। 2020 में सरकार ने लक्ष्य रखा था कि 2025 तक 20% गाड़ियां इलेक्ट्रिक होंगी, लेकिन यह आंकड़ा पिछले साल ही करीब 50% तक पहुंच गया।

**इलेक्ट्रिक वाहनों से तेल की खपत में भारी कमी आई**

**मजबूत बिजली व्यवस्था**

चीन की बिजली व्यवस्था काफी हद तक अपने घरेलू संसाधनों पर आधारित है। यहां बिजली उत्पादन में कोयले और तेजी से बढ़ती नवीकरणीय ऊर्जा (सोलर और पवन) का बड़ा योगदान है। इस वजह से चीन को बिजली के लिए ज्यादा आयात पर निर्भर नहीं रहना पड़ता और ऊर्जा जरूरतों को आसानी से पूरा किया जा सकता है। साफ ऊर्जा के विस्तार से चीन को हर साल बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने में भी मदद मिल रही है।

**चीन खाड़ी देशों से भारी मात्रा में तेल लेता है, लेकिन उसने पिछले कई वर्षों में ऐसी नीतियां अपनाई हैं, जिससे उसकी ऊर्जा पर निर्भरता कम हो गई है। यही वजह है कि अन्य एशियाई देशों के मुकाबले चीन इस संकट को बेहतर तरीके से झेल सकता है। चीन की सरकारी मीडिया भी लोगों को यह भरोसा दिला रही है कि देश के पास अपनी ऊर्जा सुरक्षा मजबूत है और घबराने की जरूरत नहीं है।**

## दोराहे पर एशिया के मजदूर : युद्ध के साए में रोजगार चुनें या जिंदगी

दुबई/दोहा, एजेंसी

अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच बढ़ते युद्ध ने खाड़ी देशों में काम कर रहे लाखों एशियाई प्रवासी मजदूरों को ऐसे मोड़ पर ला खड़ा किया है, जहां हर दिन उनकी जिंदगी और रोजगार आमने-सामने खड़े हैं। बीबीसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि मिसाइलों, सायरनों और अनिश्चितता के बीच एक सख्त सच्चाई उभर रही है कि जो लोग इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, वही सबसे ज्यादा असुरक्षित हैं और सबसे कम विकल्प उनके पास हैं।

कतर में घरेलू कामगार के रूप में काम कर रहीं 49 वर्षीय नोर्मा टैक्टाकॉन के लिए हर दिन डर के साथ शुरू होता है। फिलीपीन में उनका परिवार, पति और तीन बच्चे पूरी तरह उनकी कमाई पर निर्भर है। वह अब अपने पति के साथ फिलीपीन लौटकर छोटा व्यवसाय शुरू करने पर विचार कर रही हैं। ईरानी हमलों के बीच कम वेतन वाले लाखों एशियाई मजदूर घरेलू कामगार, निर्माण श्रमिक, सुरक्षा गार्ड अब भी वहीं फंसे हुए हैं।



रिपोर्ट्स के अनुसार, कम से कम 12 दक्षिण एशियाई मजदूरों की मौत हो चुकी है। 32 वर्षीय फिलीपीनी केयरगिवर मैरी एन वेलास्केज तेल अवीव में उस समय घायल हो गईं जब एक बैलिस्टिक मिसाइल उनके अपार्टमेंट पर गिरी वह अपने मरीज को बचाने की कोशिश कर रही थीं। नेपाल के 29 वर्षीय दीबस श्रेष्ठ, जो अबू धाबी में सुरक्षा गार्ड थे, 1 मार्च को ईरानी हमले में मारे गए। दुबई में 55 वर्षीय बांग्लादेशी अहमद अली की मौत एक इंटरसेप्टेड मिसाइल के मलबे से हुई। उनके बेटे ने कहा, पिताजी को युद्ध का पता नहीं था।

**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

**सम्पादक : विद्यादेवी**

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

**समाचार पत्र में प्रकाशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।**
**मो0- 9415799533**
**R.N.I. NO. 64107/96**